26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 5 जुलाई , 2026

अंक- 251 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# अमेरिका की आजादी के 250 साल पूरे

## ट्रंप बोले- साम्यवाद कैंसर की तरह, खात्मा जरूरी

वॉशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)। अमेरिका अपनी आजादी के 250वें वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। इस बीच वॉशिंगटन डीसी में खराब मौसम ने कुछ देर के लिए कार्यक्रमों की रफ्तार धीमी कर दी। हालांकि, कई घंटों की देरी के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने अपना संबोधन दिया। अब लोग ऐतिहासिक आतिशबाजी का लुत्फ उठा रहे हैं। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर चल रहे भव्य आतिशबाजी कार्यक्रम के दौरान एक बार फिर हल्की बारिश शुरू हो गई। पूरे दिन मौसम की खराबी के कारण कार्यक्रम प्रभावित रहा और लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि पिछले ढाई सौ वर्षों से अमेरिका पूरी दुनिया के लिए उम्मीद, विश्वास, रोशनी और गर्व का प्रतीक रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि ईश्वर की कृपा से देश आगे भी यही भूमिका निभाएगा और पहले से अधिक मजबूत बनेगा। ट्रंप ने कहा कि 4 जुलाई 1776 से लेकर 4 जुलाई 2026 तक अमेरिका ने दुनिया को दिखाया है कि वह अत्याचार पर जीत हासिल कर सकता है और आजादी की रक्षा कर सकता है। उन्होंने दावा किया कि आज अमेरिका पहले से अधिक मजबूत, स्वतंत्र, समृद्ध, सुरक्षित और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'सैल्यूट टू अमेरिका' कार्यक्रम के दौरान 'सेव अमेरिका एक्ट' को पारित कराने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि हर मतदाता के लिए नागरिकता का प्रमाण देना अनिवार्य होना चाहिए।



# प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई का निधन



रायपुर (एजेंसी/चिंगारी)। भारतीय लोक कला जगत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। देश की प्रतिष्ठित पंडवानी गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। रायपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पीआरओ ने उनके निधन की पुष्टि की है। मिली जानकारी के अनुसार, तीजन बाई पिछले कई हफ्तों से रायपुर एम्स में भर्ती थीं और गंभीर रूप से बीमार चल रही थीं। आज तड़के करीब 3:15 बजे अचानक उनकी तबीयत और बिगड़ी, जिसके बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश के सांस्कृतिक और कला जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। पीएम मोदी ने तीजन बाई के निधन पर शोक प्रकट करते हुए एक्स पर लिखा, सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है।

**Required**

A Competitive female home tutor for english medium class 6th student all subjects.

**Contact mob.no : 8394942102**






# अनियमितता पाए जाने पर प्रशासन ने 'दो पल' होटल को सील किया




**नगीना ( चिंगारी )।** तहसील प्रशासन ने अनियमितता पाए जाने पर दो पल होटल को सील कर दिया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अन्य होटल संचालकों में हड़कंप मच गया है।

एसडीएम प्रिंस कुमार ने बताया कि पिछले काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी कि नगीना में कुछ होटल बिना मानक व बिना लाइसेंस के संचालित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार की शाम वह नायब तहसीलदार पंकज राणा, तहसील टीम व पुलिस के साथ धामपुर मार्ग पर स्थित दो पल होटल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जानकारी करने पर वहां मौजूद कर्मचारी होटल संचालन का लाइसेंस नहीं दिखा पाए। उन्होंने बताया कि होटल में काफी मात्रा में गंदगी भी दिखाई दी तथा कई मानक अधूरे मिले। उन्होंने बताया कि मानक विहीन पाए जाने पर होटल पर सील लगा दी गई है। उनका कहना है कि उनके द्वारा धामपुर मार्ग पर एक अन्य होटल का भी निरीक्षण किया गया, लेकिन वहां सब कुछ ठीक पाया गया।

# अखिलेश यादव के आह्वान पर किया पौधारोपण

**चांदपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता डा. लाखन सिंह पाल ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण किया। डा. लाखन सिंह पाल ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन 1 जुलाई को था, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया था कि मेरे जन्मदिन के उपलक्ष में प्रत्येक विधानसभा गांव और शहर में जाकर के वृक्षारोपण करें, इसी सिलसिले में हम पूरे जिले में प्रत्येक विधानसभा में जाकर वृक्षारोपण कर रहे हैं। यह कार्यक्रम हमारा 7 तारीख तक चलेगा। डा. लाखन सिंह पाल द्वारा नगर के नहटौर रोड स्थित पालसन पब्लिक स्कूल में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती रूपवती पाल, जुल्फिकार अहमद , विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह सैनी, उपप्रधानाचार्य प्रेरणा चौहान, भावना सैनी, नीलम सैनी, ज्योति त्यागी, रीता यादव, प्रियांशी चौहान, सबा परवीन ,सपना चौहान, ऐश्वर्या चौहान, गुड्डी देवी, प्रदीप सैनी, राजीव सैनी, काजल सैनी आदि मौजूद रहे।



# बस और ई-रिक्शा की भिड़ंत, चालक समेत तीन घायल



**किरतपुर ( चिंगारी )।** बिजनौर-नजीबाबाद मार्ग पर कल रोडवेज बस और ई-रिक्शा की टक्कर में चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। तीनों घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार रोडवेज बस बिजनौर से नजीबाबाद की ओर जा रही थी। इसी दौरान रुचि वीरा कॉलोनी से करीब 500 मीटर आगे बिजनौर की ओर जा रहे एक ई-रिक्शा से बस की टक्कर हो गई। हादसे में ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक मोहसिन पुत्र महबूब निवासी ग्राम मुंढाला, थाना कोतवाली शहर, उम्र 22 वर्ष के चेहरे पर चोट आई। वहीं ई-रिक्शा में सवार वकास पुत्र सैयद जमील निवासी पीलीभीत, उम्र 40 वर्ष, के चेहरे पर चोट लगी। इसके अलावा प्रियांशु पुत्र लोकेश निवासी शर्मावाला, थाना कोतवाली शहर बिजनौर, उम्र लगभग 14 वर्ष के दाहिने पैर में चोट आई। पुलिस ने घायलों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी। घायल चालक मोहसिन को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरतपुर भेजा गया, जबकि वकास और प्रियांशु को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बिजनौर रैफर किया गया। पुलिस के मुताबिक तीनों घायलों की हालत खतरे से बाहर है।




# आंखें ईश्वर की अनमोल देन- अब्दुल मन्नान

**किरतपुर में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन**

**किरतपुर ( चिंगारी )।** इतवार बाजार स्थित चौधरी हॉस्पिटल में कल बिजनौर यूथ फाउंडेशन पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट एवं श्री महंत इंद्रेश अस्पताल, देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कहा कि आंखें ईश्वर की अनमोल देन हैं। इनके बिना जीवन अंधकारमय हो जाता है, इसलिए सभी को अपनी आंखों की नियमित जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेत्रहीन व्यक्तियों का सम्मान करना और उनकी हर संभव सहायता करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। ऐसे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होते हैं, क्योंकि इससे उन्हें बिना किसी आर्थिक बोझ के विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार प्राप्त करने का अवसर मिलता है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों की आंखों की जांच की गई। जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं तथा मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन के लिए श्री महंत इंद्रेश अस्पताल, देहरादून भेजा गया। शिविर में डॉ. अर्पिता, डॉ. सौरभ, डॉ. निधि, बिजनौर यूथ फाउंडेशन के संस्थापक रिहान खान, मौलाना अब्दुल कादिर, मोहम्मद गुलजार, डॉ. आवेज, डॉ. रुकैया और मीना चौधरी ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम में एजाज हुसैन, भूरे मावे वाले, सरताज हुसैन, सब्बू चौधरी, वकार अहमद, सरताज अहमद, सलीम, राशिद, अकरम हुसैन तथा अय्यूब हुसैन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिविर के दौरान आयोजकों द्वारा चेयरमैन अब्दुल मन्नान को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
ATHER
आज ही लायें एथर स्कूटर

इलेक्ट्रिक स्कूटर
के
बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 5 जुलाई, 2026

# इसरो ने 'सॉल्व' रॉकेट मोटर का पहला सफल परीक्षण किया

**चेन्नई (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने पहले मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 'सॉल्व' (सब-ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल फॉर एक्सपेरिमेंट्स) के ठोस ईंधन (सॉलिड मोटर) वाले रॉकेट का पहला सफल परीक्षण किया है। इस परीक्षण का उद्देश्य गगनयान के क्रू मॉड्यूल की सुरक्षित वापसी (की जांच करना है। इसरो ने बताया कि यह परीक्षण तीन जुलाई को सुबह 10 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के स्टैटिक टेस्ट फैसिलिटी में किया गया। परीक्षण के दौरान मोटर का प्रदर्शन निर्धारित मानकों के अनुरूप रहा। इसरो ने बताया कि 'सॉल्व' एक विशेष परीक्षण रॉकेट है, जिसे गगनयान मिशन से पहले अलग-अलग परिस्थितियों में क्रू मॉड्यूल की सुरक्षा प्रणाली की जांच के लिए विकसित किया गया है। इन परीक्षणों के दौरान क्रू मॉड्यूल को लगभग 10 से 17 किलोमीटर की ऊंचाई तक ले जाया जाएगा। इसके बाद इसे रॉकेट से अलग किया जाएगा और उसकी सुरक्षित लैंडिंग के लिए क्रमवार 10 पैराशूट खोले जाएंगे, जिससे उसकी गति कम होकर वह सुरक्षित रूप से समुद्र में उतरे। इसरो के अनुसार 'सॉल्व' का ठोस ईंधन वाला चरण पीएसएलवी रॉकेट के स्ट्रैप-ऑन मोटर पर आधारित है, लेकिन गगनयान मिशन की आवश्यकताओं के अनुसार इसमें कई तकनीकी बदलाव किये गये हैं। इनमें धीमी गति से जलने वाले प्रणोदक और दिशा नियंत्रण प्रणाली में सुधार शामिल हैं। गगनयान मिशन के तहत दो से तीन अंतरिक्ष यात्रियों को लगभग 400 किलोमीटर ऊंची पृथ्वी की कक्षा में तीन दिन के मिशन पर भेजा जाएगा और इसके बाद उन्हें सुरक्षित रूप से भारतीय समुद्री क्षेत्र में उतारा जायेगा। क्रू मॉड्यूल और सर्विस मॉड्यूल इस मिशन के अंतरिक्ष यान में मुख्य रूप से दो हिस्से होंगे। क्रू मॉड्यूल वह हिस्सा है, जिसमें अंतरिक्ष यात्री सवार होंगे।



## शॉर्ट के नाबाद 92 रन, ग्लूस्टरशायर ने सरे को 57 रनों से हराया

**ब्रिस्टल (एजेंसी/चिंगारी)।** डार्सी शॉर्ट (नाबाद 92) की पारी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ग्लूस्टरशायर ने सरे को 57 रनों से करारी शिकस्त दी। सीट यूनिक स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई ओपनर शॉर्ट ने शानदार शुरुआत दिलाई, फिर गेंदबाजों ने मेहमान टीम को सस्ते में समेटकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। शॉट ने नाबाद 92 रन बनाए, जिससे ग्लूस्टरशायर ने एकतरफ़ा क्रॉस-ग्रुप मैच में सरे को 57 रनों से हरा दिया। टॉस हारने के बाद 2024 की चैंपियन टीम ने 5 विकेट पर 191 रन बनाए, ओपनर शॉर्ट ने 56 गेंदों का सामना करते हुए 8 चौके और 4 छक्के उड़ाते हुए (नाबाद 92) रनों की पारी खेली। जैक टेलर ने 35 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के साथ चौथे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी में 40 रन जोड़े, जबकि सरे के गेंदबाज तेज हवा वाली शाम को लगातार अच्छी गेंदबाजी करने में संघर्ष करते दिखे। जवाब में, सरे की टीम मात्र 134 रनों पर सिमट गई; नॉटिंघमशायर से आए 25 वर्षीय तेज गेंदबाज जेम्स हेस ने अपने ब्लास्ट डेब्यू में 23 रन देकर 3 विकेट लिए। सरे की ओर से सिर्फ डैन लॉरेंस (38 रन) और क्रिस जॉर्डन (27 रन) ही कुछ संघर्ष कर पाए। ग्लूस्टरशायर ने शुरुआती छह ओवर के पावरप्ले का फ़ायदा उठाया और एक विकेट पर 67 रन बनाए। डेविड मलान ने शॉर्ट के साथ 4.4 ओवर में 46 रनों की ओपनिंग साझेदारी में 19 गेंदों पर 28 रन बनाकर प्रभावित किया; शॉर्ट ने क्रिस जॉर्डन के छठे ओवर में 17 रन बटोरे, जिसमें दो छक्के शामिल थे।

## शराब के ठेके पर नकली नोट के साथ पकड़ा गया युवक

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास शराब के ठेके पर नकली नोट के साथ एक युवक के पकड़े जाने का मामला सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुक्रवार शाम जलालाबाद निवासी विनोद नाम का युवक रेलवे स्टेशन के पास स्थित शराब के ठेके पर शराब खरीदने पहुंचा। उसने सेल्समैन को 500 रुपये का नोट दिया, लेकिन नोट देखते ही सेल्समैन को उसके नकली होने का संदेह हो गया। जांच करने पर नोट जाली निकला तो सेल्समैन ने तत्काल युवक को पकड़ लिया। बताया जाता है कि इसी दौरान युवक के साथ बाइक पर आया दूसरा व्यक्ति मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही रेलवे स्टेशन चौकी पुलिस मौके पर पहुंची तथा पकड़े गए युवक को चौकी ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी। सूत्रों के अनुसार पूछताछ में पकड़े गए युवक ने पुलिस को बताया कि उसे नहीं मालूम था कि नोट नकली है। उसने बताया कि जलालाबाद निवासी उसका पड़ोसी जो नगर पंचायत में कार्यरत बताया जा रहा है, उसे एक शराब का क्वार्टर दिलाने का लालच देकर अपने साथ नजीबाबाद लाया था।

## मूलचंद अकादमी में कैरम प्रतियोगिता का आयोजन

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** अकादमी सीनियर्स सेकेंडरी स्कूल में कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा दो से पांच तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग में विवेकानंद हाउस से कक्षा पांच की हिफ्जा मलिक प्रथम रही। अशोका हाउस से हिफ्जा फैसल ने द्वितीय, सुभाष हाउस से रिमशा ने तृतीय, टैगोर हाउस से काव्या चौहान ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में अशोक हाउस से अक्षित प्रथम रहे, सुभाष हाउस से मोहम्मद अर्श द्वितीय रहे। टैगोर हाउस से नवजोत सिंह व लक्ष्य तृतीय व चतुर्थ स्थान पर रहे। सभी बच्चों ने खेल का आनंद उठाते हुए खुशी जताई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौहान एडवोकेट व प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह व उपप्रधानाचार्या श्रीमती सुनिता सिंह ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





आदर्श आयुर्वेदा

गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें

धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी

जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।

गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।

पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर

मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश



# कराने को ग्रामीणों की समस्या का समाधान ग्राम झलरा पहुंचे सांसद चंदन चौहान

**बिजनौर ( चिंगारी )। सांसद चंदन चौहान शनिवार को ग्राम झलरा पहुंचे, जहां रेलवे विभाग द्वारा बंद किए गए रास्ते को लेकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। सांसद ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी ली और रेलवे अधिकारियों से वार्ता कर समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।**



ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे विभाग ने करीब तीन माह पहले गांव का मुख्य रास्ता बंद कर दिया था। इस मार्ग के अलावा आने-जाने का कोई अन्य रास्ता नहीं है। ग्रामीणों की लगातार मांग पर रेलवे विभाग ने लगभग 15 दिन पहले केवल पैदल आवागमन के लिए रास्ता खोल दिया, लेकिन वाहनों की समस्या अब भी बनी हुई है।

ग्रामीण शौकीन अहमद, अब्दुल खालिद, अब्दुल्ला खान, अब्दुल रहमान, अजीजुर्रहमान एवं ग्राम प्रधान गुलशेर सहित अन्य लोगों ने सांसद चंदन चौहान से समस्या के स्थायी समाधान की मांग की। सांसद ने अधिकारियों से वार्ता कर ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। इस दौरान सांसद चंदन चौहान के साथ रालोद छात्र सभा के जिलाध्यक्ष परितोष चंदेल, जिला महासचिव फहीम अहमद, जिला सचिव अरुण कुमार धनगर, पीयूष चंदेल, मुफीज आलम, कैफ राणा सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।


# धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड

सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए

विशेष लोन सुविधा

Salaried Loan

अब खास आपके लिए

लोन लेना हुआ और भी आसान


अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।

हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?

- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)

- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701

दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125

Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561

www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com


# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने दिया ज्ञापन



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** जिला व प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित भाकियू (टिकैत) की बैठक में जिला व प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में क्षेत्रीय किसानों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान पर विचार-विमर्श हुआ और समाधान हेतु जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन में जमीन व बिजली की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ कादराबाद व कल्लूवाला में बिजलीघर के निर्माण की मांग की गई। क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुरी स्थित बाबा जग्गा सिंह भूरी वालों के डेरे पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के प.उ.प्र. उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने कहा कि आज किसान अनेक समस्याओं से जूझ रहा है और अधिकारी उनके सब्र का इम्तिहान लेने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का अधिकारी समय रहते समाधान करें, संगठन को आंदोलन पर मजबूर न करें अन्यथा लड़ाई आर-पार की होगी। बैठक को जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष कविराज सिंह, जिला उपाध्यक्ष मदन राणा, जिला संगठन मंत्री अशोक चौहान व तहसील अध्यक्ष गजेंद्र सिंह टिकैत ने भी संबोधित किया। बैठक में गुरविंदर सिंह, राणा सैनी, सतनाम सिंह, विजेंद्र सिंह कलकल, देवेंद्र कौशिक व राजपाल सिंह आदि अनेक किसान मौजूद रहे।

# चलाकर सड़क सुरक्षा अभियान किये 95 वाहनों के चालान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने विशेष अभियान चलाया। एआरटीओ महेश शर्मा और पीटीओ मुन्ना लाल के नेतृत्व में नगीना हाईवे, बैराज रोड तथा भनेड़ा टोल प्लाजा पर संयुक्त रूप से वाहनों की सघन जांच की गई। शनिवार को अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच के लिए बड़ी संख्या में वाहनों को रोककर ब्रीथ एनालाइजर से चालकों की चैकिंग की गई। इसके अलावा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, कार में सीट बेल्ट का उपयोग न करने तथा अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 95 वाहनों के चालान किए गए। चैकिंग देखकर कई वाहन चालक रास्ता बदलने या वापस लौटने का प्रयास करते नजर आए, लेकिन टीम ने सतर्कता के साथ वाहनों को रोककर जांच की।

# घर में घुसकर दिव्यांग महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एक विकलांग महिला ने गांव के ही एक युवक पर उसके घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकतें करने तथा दुष्कर्म करने का प्रयास करने तथा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र दिया। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि वह और उसका पति दोनों विकलांग हैं। उसके गांव का रहने वाला सुमित उसके साथ छेड़छाड़ करता है, विरोध करने पर उसके साथ गाली-गलौच व हाथापाई करने को आमादा हो जाता है। महिला के अनुसार 28 जून को रात्रि 8 बजे उसका पति घर में नहीं था, तभी सुमित घर में घुस आया तथा उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर सुमित व सतपाल ने उसके साथ गाली-गलौच व मारपीट की। ग्रामीणों को आते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# एनसीसी कैडेट्स सीख रहे हथियार चलाना

**नूरपुर ( चिंगारी )।** देवता महाविद्यालय मौरना में 32 यूपी बटालियन एनसीसी धामपुर के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय शिविर में एनसीसी कैडेट्स हथियार चलाना सीख रहे हैं। यहां उन्हें पॉइंट 22 राइफल से प्रशिक्षित किया जा रहा है। सभी कैडेट्स को कंपनी वाइस रेंज पर ले जाकर राइफल चलाना सिखाया जा रहा है। कैडेट्स भी खासा उत्साहित दिख रहे हैं। इस अवसर पर कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी, लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट, मेजर रमाशंकर, कैप्टन सुनीता, कैप्टन धीरज शर्मा, लेफ्टिनेंट ललित कुमार, लेफ्टिनेंट जाहिद अली, लेटिनेंट तेजस्वी कुमार, सूबेदार कृष्ण कुमार, सूबेदार पलजर भूटिया, सूबेदार मधुसूदन रतूड़ी, सूबेदार विनील कुमार, फर्स्ट अफसर कंचन, फर्स्ट अफसर विपिन कुमार, बीएचएम विनोद नेगी, हवलदार त्रिलोक सिंह, हवलदार सुरेंद्र सिंह, हवलदार प्रकाश सिंह, हवलदार विकास छेत्री, हवलदार ज्ञानेंद्र श्रेष्ठ, अनुश्री बिष्ट आदि उपस्थित रहे।



# महिला की मौत पर अस्पताल में हंगामा



मृतका के पति तथा पुत्रों से बात करते थानाध्यक्ष

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** सराय आलम की पुलिया के निकट स्थित अस्पताल में गत रात्रि से उपचाराधीन एक महिला की मृत्यु हो जाने पर आज सुबह अस्पताल पर खूब हंगामा हुआ। पुलिस भी मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचे मृतका के पति तथा पुत्रों ने शव का पोस्टमार्टम कराने और किसी भी कानूनी कार्यवाही से इंकार कर दिया।

नांगल सोती निवासी यूसुफ की पत्नी नूरजहां (53 वर्ष) को गत रात्रि तबीयत खराब होने पर जे.बी.ए. अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान आज सुबह लगभग 8 बजे महिला की मृत्यु हो गई। मौके पर मौजूद मृतका के परिजनों,

## बाद में मृतका के परिजनों ने कार्रवाई से किया इंकार

पड़ोसियों ने चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही बरतने तथा गलत उपचार करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। हंगामा होते देख चिकित्सक पीछे के रास्ते से खेतों की तरफ को निकल गया। मौके पर काफी भीड़ इकट्ठी हो गई।

सूचना पर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराना चाहती थी, मगर मृतका के पुत्रों तथा पति ने पोस्टमार्टम कराने और चिकित्सक के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने से इंकार कर दिया। थानाध्यक्ष ने उन्हें शव का पोस्टमार्टम कराने के लिये काफी समझाया, मगर वे नहीं माने। मृतका के पति यूसुफ तथा पुत्रों माजिद, शारिक, शाकिब, साजिद एवं सलमान ने पुलिस को बताया कि मृतका काफी दिनों से शुगर, दर्द, बुखार आदि से पीड़ित थी। उपचार में लापरवाही की कोई बात नहीं है। वे चिकित्सक के विरुद्ध कोई कानूनी कार्यवाही करना नहीं चाहते हैं। मृतका का शव उन्हें सौंप दिया जाये।

थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों के अनुरोध पर पंचायतनामा भरकर मृतका का शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतका के पति तथा पुत्रों ने लिखकर दिया है कि उसकी मृत्यु में चिकित्सक का कोई दोष नहीं है। वे किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही करना नहीं चाहते हैं।

# नहर में डूबे सतीश का दो दिन बाद भी पता नहीं चला

## पीएसी के गोताखोर चला रहे सर्च अभियान



**शेरकोट ( चिंगारी )।** दो दिन पूर्व पोषक नहर में डूबे ग्राम नूरपुर छीबरी निवासी ग्रामीण का काफी तलाश के बाद भी कोई पता नहीं लग पाया है। रविवार की सुबह से पीएसी के गोताखोरों ने पुन: सर्च अभियान शुरू कर डूबे ग्रामीण की तलाश शुरू कर दी। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

विदित हो कि शुक्रवार की दोपहर क्षेत्र के ग्राम नूरपुर छीबरी निवासी 45 वर्षीय सतीश कुमार पुत्र चोखे सिंह पड़ोस में आयोजित विवाह समारोह में आये कुछ मेहमानों के साथ पोषक नहर के पुल के पास नहाने गया था। बताया जाता है कि इस दौरान पैर फिसलने से सतीश कुमार गहरे पानी में डूब गया। पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरों को नहर में उतार कर पानी में सतीश को तलाश कराया गया, परंतु देर शाम तक काफी प्रयास के बाद भी पता नहीं लग पाया था। शनिवार को पुलिस द्वारा पीएसी के गोताखोरों को बुलाकर नहर में डूबे सतीश कुमार को तलाश करने का कार्य शुरू कराया गया। पीएसी के गोताखोरों ने सुबह नौ बजे से मोटरबोट से नहर में सर्च अभियान शुरू किया, परंतु देर शाम तक डूबे सतीश कुमार का पता नहीं लग पाया। रविवार को सुबह से गोताखोरों ने नहर में पुन: सर्च अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान गोताखोरों ने घटना स्थल से लगभग पांच किलोमीटर दूर तक शेरकोट की ओर नहर में मोटरबोट घुमाकर सतीश को तलाश किया, परंतु दोपहर तक उसका पता नहीं लग पाया।

थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया शनिवार को सफलता ना मिलने पर रविवार की सुबह से पीएसी के गोताखोरों की टीम नहर में डूबे ग्रामीण को घटना स्थल से लेकर शेरकोट तक तलाश करने में जुटी है। उन्होंने कहा सतीश का पता लगने तक सर्च अभियान जारी रहेगा।

# मॉर्निंग वॉक कर रहे व्यक्ति को वाहन ने टक्कर मारी, मौत

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव कुंडा खुर्द में मॉर्निंग वॉक पर निकले अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गांव निवासी सतीश कुमार ( 54 ) पुत्र साधू सिंह आज सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। सड़क किनारे टहलते हुए किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अधेड़ की अचानक हादसे में हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।



कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# मेरठ में 'ऑनर किलिंग'

## बहन की हत्या कर थाने पहुंचा भाई

मेरठ ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश में मेरठ के लोहिया नगर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक किशोरी की उसके ही भाई ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद खुद थाने पहुंचा और पुलिस को बताया कि वह अपनी बहन की हत्या करके आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त तमंचा बरामद कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार जाकिर कॉलोनी की ट्रांसफार्मर वाली गली निवासी परिवार में यह वारदात उस समय हुई, जब किशोरी अपने कमरे में सो रही थी। आरोप है कि उसका भाई आरिश कमरे में पहुंचा और नजदीक से उस पर गोली चला दी। गोली की आवाज सुनते ही परिजन कमरे की ओर दौड़े और लहूलुहान हालत में पड़ी किशोरी को तत्काल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए, जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी आरिश को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान उससे घटना के कारणों और अन्य पहलुओं की जानकारी जुटाई जा रही है। हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी अपनी बहन के कुछ युवकों से बातचीत करने को लेकर नाराज था। पुलिस इस पहलू को भी जांच का हिस्सा मानते हुए मामले की हर दिशा से पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही हत्या के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस अधीक्षक नगर विनायक गोपाल भोसले ने बताया कि मामले में सभी आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। आरोपी से गहन पूछताछ जारी है और जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मानसून सत्र में सरकार को घेरेगा इंडिया गठबंधन- जयराम



नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर जनविरोधी कदम उठा रही है लेकिन विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन संसद के मानसून सत्र में जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर सरकार को घेरेगा तथा उससे जवाब मांगेगा। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि इंडिया गठबंधन संसद में सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की रणनीति पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तथा गठबंधन को केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से ही नहीं, बल्कि भाजपा और चुनाव आयोग के गठजोड़ से भी मुकाबला करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर द्रमुक (द्रमुक), आम आदमी पार्टी सहित 24 विपक्षी दलों तथा निर्दलीय सांसद कपिल सिब्बल ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को संयुक्त पत्र लिखा है। उनका आरोप था कि बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं, जिससे चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि चुनाव परिणाम पहले से तय होने की धारणा बन जाए तो लोकतंत्र और चुनाव प्रक्रिया का महत्व ही समाप्त हो जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि उच्चतम न्यायालय चुनाव आयोग को निष्पक्ष ढंग से काम करने का निर्देश देगा। श्री रमेश ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में दो-तिहाई बहुमत नहीं मिलने के बाद भाजपा बदले की राजनीति कर रही है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी भविष्य में दो-तिहाई बहुमत हासिल कर संविधान में बदलाव करना चाहती है तथा सामाजिक न्याय और आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उनका कहना था कि सरकार मानसून सत्र में परिसीमन विधेयक और एक राष्ट्र-एक चुनाव संबंधी प्रस्ताव फिर ला सकती है।

# बरेली में विश्व विख्यात उर्स-ए-रज़वी मनाया जायेगा 7 से 9 अगस्त तक

बरेली ( चिंगारी )। आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा खान फाज़िले बरेलवी का विश्व विख्यात 108 वा तीन रोज़ा उर्स-ए-रज़वी इस साल 07,08 व 09 अगस्त को बरेली में मनाया जायेगा। इसका विधिवत ऐलान आज संयुक्त रूप से दरगाह प्रमुख हज़रत मौलाना सुब्हान रज़ा खान (सुब्हानी मियां),क़ाज़ी ए हिंदुस्तान व दरगाह ताजुश्शरिया के सज्जादानशीन मुफ्ती असजद रज़ा क़ादरी( असजद मियां) व सज्जादानशीन बदरूशशरिया मुफ्ती अहसन रज़ा क़ादरी( अहसन मियां) ने किया। उर्स-ए-रज़वी बरेली समेत दुनिया भर में चंद्र दर्शन के अनुसार 23,24,25 सफर को मनाया जाता है। इस साल वक्त और हालात के मद्देनजर उर्स ए रजवी 07,08,09 अगस्त 2026 मनाया जाएगा। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि उर्स-ए-रज़वी में शिरकत के लिए दुनिया भर से अकीदतमंद बरेली पहुंचते है। देश विदेश के अकीदतमंद वीजा व टिकट के लिए महीनों पहले तैयारियां शुरू कर देते है। सभी को फोन व सोशल मीडिया के माध्यम से तिथियों की सूचना दी जा रही है। कई देशों के अलावा देश भर के मुरीदीन दरगाह प्रमुख हज़रत सुब्हानी मियां, क़ाज़ी ए हिंदुस्तान मुफ्ती असजद मियां व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां के सम्पर्क में है। दरगाह की ओर से जायरीन की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए उर्स-ए-रज़वी की काफी पहले से तैयारियां व्यापक स्तर पर शुरू की जा चुकी है। गौरतलब है कि इस उर्स में शिरकत करने लाखों की संख्या में अकीदतमंद बरेली पहुंचते है। इस साल भी बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के बरेली पहुंचने की सूचना दरगाह की जिम्मेदार शख्सियतो को मिल रही है।

# स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित




चांदपुर ( चिंगारी )। कृपा चिल्ड्रन नर्सिंग होम की ओर से आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 400 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर बीमारी से बचाव हेतु आवश्यक सुझाव दिए गए तथा साथ ही मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी दी गई। अस्पताल संचालक डॉ. दिग्विजय शर्मा ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है। शिविर में डॉ. सत्यम शर्मा (बाल रोग चिकित्सक), डॉ. कुणाल चौधरी (जनरल फिजिशियन एवं जनरल सर्जन) तथा डॉ. मेघा भाटिया (स्त्री रोग विशेषज्ञ) मेडिकल संचालक हर्षित शर्मा ने पुरुष रोगियों के साथ साथ बच्चों व महिला रोगियों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई।


# युवकों ने चौराहे पर शिविर लगाया, राहगीरों को शीतल शर्बत पिलाया



किरतपुर ( चिंगारी )। भीषण गर्मी और उमस के बीच नगर के युवाओं ने मानव सेवा की मिसाल पेश करते हुए नगीना चौराहा पर राहगीरों के लिए निशुल्क शरबत वितरण का आयोजन किया। सेवा भाव से प्रेरित इस पहल के तहत सैकड़ों राहगीरों, मजदूरों, रिक्शा चालकों और अन्य लोगों को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई गई।

इस सेवा कार्य में ध्रुव रस्तोगी, अर्चि अग्रवाल, अक्षत, ईशान अग्रवाल, पार्थ अग्रवाल, लविश एवं अमौली रस्तोगी सहित अन्य युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने स्वयं शरबत तैयार कर राहगीरों को प्रेमपूर्वक वितरित किया।

राहगीरों ने युवाओं की इस सराहनीय पहल की खुले दिल से प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य न केवल लोगों को राहत पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को भी मजबूत करते हैं।



# फ़ैसल वसी को मनाने उनके घर पहुंचे सांसद चौहान बोले-पार्टी में मिलेगा पूरा सम्मान



सांसद चंदन चौहान का स्वागत करते हुए फ़ैसल वसी।

**बिजनौर (चिंगारी)। राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व नगर अध्यक्ष फैसल वसी द्वारा पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी दायित्वों से इस्तीफा देने के बाद शनिवार को बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान स्वयं फैसल वसी के आवास पहुंचे और उनसे इस संबंध में विस्तृत वार्ता की।**

फैसल वसी ने संगठन में उपेक्षा, कार्यकर्ताओं की भावनाओं की अनदेखी तथा समर्पित लोगों को उचित सम्मान न मिलने का हवाला देते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने 17 जून को अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष को सोशल मीडिया के माध्यम से भेजा था।

शनिवार को सांसद चंदन सिंह चौहान ने फैसल वसी से मुलाकात कर उनकी नाराजगी के कारणों पर चर्चा की और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी सभी शिकायतों का समाधान किया जाएगा। सांसद ने कहा कि फैसल वसी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं और संगठन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

वार्ता के बाद फैसल वसी ने कहा कि सांसद चंदन सिंह चौहान ने उन्हें आश्वस्त किया है कि उसकी नाराजगी को दूर किया जाएगा तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने सांसद के भरोसे पर विश्वास जताते हुए पार्टी के साथ मिलकर काम करने की बात कही।



# नीलिमा त्यागी व नीरू गुप्ता सम्मानित

**चांदपुर (चिंगारी)। मेरठ में आयोजित एक कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 310 द्वारा इनरव्हील क्लब ऑफ चांदपुर आरोही की अध्यक्ष नीलिमा त्यागी एवं डिस्ट्रिक्ट आईएसओ नीरू गुप्ता को किए गए सामाजिक कार्यों के लिये सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नीलिमा त्यागी ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि चांदपुर आरोही की पूरी टीम के सामूहिक प्रयास, समर्पण और सेवा भावना का सम्मान है।**

# अच्छे स्वास्थ्य के लिये दांतों का स्वस्थ होना जरूरी- डा. गीत



**बिजनौर (चिंगारी)।** श्री गोपाल हॉस्पिटल में अपना डेंटल क्लीनिक चलाने वाले युवा डेंटल सर्जन डा. गीत का कहना है कि अच्छे स्वास्थ्य के लिये स्वस्थ दांतों का होना जरूरी है। दांत जितने स्वस्थ और निरोग होंगे, स्वास्थ्य उतना ही अच्छा रहेगा।



एक भेंट में डा. गीत ने बताया कि छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर हम अपने दांतों को स्वस्थ और चमकदार बना सकते हैं। बताया कि दिन में दो बार ब्रश करें- एक बार सुबह उठने पर तथा दूसरी बार रात को सोने से पहले। ब्रश करने के बाद माउथ वॉश का उपयोग करें। माउथ वॉश का लगातार लम्बे समय तक प्रयोग न करें। इसे एक माह तक उपयोग करें, फिर दो सप्ताह का अंतराल रखें। उसके बाद आवश्यकता होने पर पुन: एक माह उपयोग करें।

डा. गीत का कहना है कि कुछ भी खाने या पीने के बाद हर बार पानी से कुल्ला करें ताकि भोजन के कण मुंह में न फंसे और दांतों में कीड़े (कैविटी) न लगे। टूथ ब्रश एक महीने से अधिक उपयोग न करें, क्योंकि लगभग तीन बाद उसकी प्रभावशीलता कम हो जाती है। उनका कहना है कि यदि आपका ब्रश तीन महीने से पहले ही खराब हो जाता है, तो इसका अर्थ है कि आप बहुत जोर से ब्रश कर रहे हैं। हमेशा मुलायम (सॉफ्ट) ब्रश का उपयोग करें। छह महीने में एक बार दंत चिकित्सक से दांतों की जांच करवायें।

# शादी का झांसा देकर गलत काम करने वाला जेल गया

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)। शादी का झांसा देकर गलत काम करता था अब जेल की हवा खायेगा। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने हीमपुर दीपा थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि जाकिर पुत्र आस मोहम्मद निवासी सैदपुर गांवड़ी थाना नौगांवा सादात जिला अमरोहा का रहने वाला है, पिछले लगभग 2 वर्ष से वह शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम करता आ रहा है। उसने जब शादी का दबाव बनाया तो वह आगबबूला हो गया और गाली गलौज और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। शनिवार को वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया।**

# सफाई कर्मचारी को सम्मानपूर्वक विदाई दी



विजयपाल को छाता भेंट करते हुए शेरबाज पठान व ईओ।

**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर पालिका परिषद चांदपुर में लंबे समय से कार्यरत सफाईकर्मी विजयपाल सिंह के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। नगर पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने सेवानिवृत्त कर्मचारी विजयपाल सिंह के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर विजयपाल सिंह को गीता, कपड़े, छाता आदि उपहार दिये गये। इस अवसर पर शेरबाज पठान व ईओ कृष्ण कुमार भड़ाना को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। सभासद शाहनवाज आलम उर्फ सोनू, मौ. परवेज, मौ. अशरफ उर्फ लारा, मौ. फैसल, राजाराम मदान, दीपक सैलानी, मोनू, अशोक कुमार, नन्दकिशोर, आकाश कुमार, अक्षय कुमार, ऊषा, कान्ता आदि मौजूद रहे।


# 90 हजार रुपए और सामान वापसी पर हुआ वर-वधू पक्ष में समझौता

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** एक महिला द्वारा दूल्हे के विवाहित होने की पोल खोल दिए जाने उपरांत विवाह टूट जाने पर 90 हजार रुपए और दहेज वापसी पर वर-वधू पक्ष में समझौता हुआ। वधू पक्ष की ओर से भी दूल्हा पक्ष द्वारा दिया गया सामान वापस कर दिया गया।

शुक्रवार को रामपुर जिले के थाना टांडा क्षेत्र से रेहड़ क्षेत्र के त्रिलोकपुर निवासी एक युवती की बारात आनी थी। बारात आने से पूर्व ही दूल्हे के विवाहित होने, एक पुत्र का पिता होने की जानकारी मिलने पर विवाह टूट गया था। दूल्हे की पत्नी होने का दावा करने वाली जनपद रामपुर के खाना स्वार क्षेत्र निवासी एक महिला ने बारात आने से पूर्व ही त्रिलोकपुर में लड़की पक्ष को दूल्हे की यह हकीकत बताई थी, जिसके बाद विवाद को भांपते हुए बारात भी बीच रास्ते से ही लौट गई थी। शुक्रवार की देर शाम वर-वधू पक्ष के दर्जनों लोगों के बीच समझौता हो गया। थाना कल्लूवाला पुलिस चौकी के इंचार्ज एसआई मनोज कुमार ने बताया कि दूल्हे की पत्नी होने का दावा करने वाली महिला को बताया गया है कि वह अपना मामला रामपुर जनपद के संबंधित थाने में ही दर्ज कराए।

# जल जीवन मिशन अपने लक्ष्य से भटका पानी की टंकी का निर्माण अधर में लटका

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** अफजलगढ़ ब्लॉक के ग्राम रसूलाबाद में निर्माणाधीन पानी की टंकी का कार्य अधर में लटका हुआ है जिसे लेकर ग्रामीणों में रोष है। जल जीवन मिशन के तहत नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग द्वारा रसूलाबाद में पानी की टंकी मंजूर हुई थी। 972.67 लाख रुपए की लागत से बनने वाली इस टंकी का निर्माण कार्य 26/9/2023 को शुरू हुआ था जिसे एक साल में पूरा कराया जाना था, मगर 3 साल में भी इस टंकी का निर्माण पूर्ण न



हो पाने से ग्रामीण शुद्ध पेयजल को तरस रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक पिछले दिनों यहां विकास कार्यों के निरीक्षण को आए सीडीओ से भी यह समस्या बताई गई थी जिस पर उन्होंने 15 जून तक निर्माण कार्य पूरा कराने का आश्वासन दिया था, मगर निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। बीडीओ मनवीर सिंह ने भी मामला जल निगम का होने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया, जबकि कार्यदायी संस्था एवं संबंधित अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका है।

# आरवीआईटी : तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान एवं मानवीय मूल्यों का उत्कृष्ट केंद्र

आर. वी. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आज शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, रोजगार, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में उत्कृष्टता का पर्याय बन चुका है। संस्थान का सतत प्रयास है कि प्रत्येक विद्यार्थी को विश्वस्तरीय शिक्षा, आधुनिक तकनीकी ज्ञान, उत्कृष्ट रोजगार अवसर एवं संस्कारयुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में प्रभावी भूमिका निभा सकें।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद का प्रतिष्ठित आर.वी. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी विगत 17 वर्षों से उत्तर प्रदेश एवं देश के विभिन्न राज्यों के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास तथा सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों से युक्त शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से निरंतर कार्यरत है। संस्थान का लक्ष्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को सक्षम, नैतिक,



RVIT leading RVITians...

नवाचारी एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाला जिम्मेदार नागरिक बनाना है। संस्थान के प्रबंध निदेशक श्री सन्नी देशवाल एवं समस्त प्रबंध समिति का दृढ़ संकल्प है कि विद्यार्थियों के हित, उनके सर्वांगीण विकास तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, डिजिटल सुविधाओं एवं उद्योगोन्मुख वातावरण का निरंतर विकास किया जाए। संस्थान में नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल, नवाचार, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक उत्तरदायित्व, तकनीकी प्रतियोगिताएं तथा अन्य सह-पाठ्यक्रम एवं पाठ्येतर गतिविधियों का प्रभावी समन्वय किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संस्थान ने देश के विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों के साथ अनेक एम.ओ.यू. किए हैं। प्रत्येक वर्ष संस्थान द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (National & International Conference), सेमिनार, कार्यशालाएं, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (FDP), ग्रामीण विकास कार्यक्रम तथा तकनीकी प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। सत्र 2025-26 में आर.वी. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को विश्वविद्यालय (डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश) द्वारा प्रायोजित सम्मेलन के लिए चयनित किया गया और काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (CST), उत्तर प्रदेश द्वारा संस्थान के विद्यार्थियों के अनुसंधान कार्यों के लिए अनुदान स्वीकृत किया गया, जो संस्थान की शोध संस्कृति एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है।

संस्थान में वर्तमान में बी.टेक., बी.बी.ए.,बी.सी.ए., पॉलिटेक्निक, बी.फार्म. एवं डी.फार्म. जैसे रोजगारपरक एवं उद्योगोन्मुख पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। विगत वर्षों में संस्थान से हजारों विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेश की प्रतिष्ठित मल्टीनेशनल कंपनियों, सरकारी एवं निजी संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहे हैं। सत्र 2025-26 में संस्थान के 85 प्रतिशत विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित मल्टीनेशनल कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ, जिनमें कई विद्यार्थियों का चयन रू10 लाख वार्षिक पैकेज तक पर हुआ। संस्थान का प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता, सॉफ्ट स्किल्स, व्यक्तित्व विकास एवं उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करता है, जिससे उन्हें उत्कृष्ट रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। संस्थान के भूतपूर्व छात्र/छात्रायें आज के समय में देश-विदेश में मल्टीनेशनल कम्पनियों में रू. 25 लाख व इससे अधिक पैकेज पर कार्यरत हैं।

### पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ऐपीजे कलाम का भी आशीर्वाद मिला

संस्थान के इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय वर्ष 2015 में जुड़ा, जब भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने संस्थान को अपना स्नेह एवं आशीर्वाद प्रदान किया तथा लैब फॉर ऑल एवं वुमेन सेल का उद्घाटन किया। उनका मार्गदर्शन आज भी संस्थान के लिए प्रेरणास्रोत है।

### संस्थान को कई अवार्ड मिल चुके

संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता एवं उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मान प्राप्त हुआ है। वर्ष 2022 में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के तत्कालीन चेयरमैन प्रो. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे द्वारा संस्थान को बेस्ट इंजीनियरिंग कॉलेज अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा भी संस्थान को उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# रामलला के आभूषण गलाकर सोने के बिस्कुट बनवाये ?



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** अयोध्या राम मंदिर दान घोटाले की परतें जैसे-जैसे खुल रही हैं, जांच का दायरा उतना ही हैरान करने वाला होता जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस मामले की जांच कर रही विशेष जांच दल (SIT) अब एक बेहद चौकाने वाले एंगल पर काम कर रही है। एसआईटी को अंदेशा है कि मंदिर से चोरी किए गए बहुमूल्य आभूषणों की पहचान मिटाने के लिए आरोपियों ने उन्हें गलवा दिया और उनके सोने के बिस्कुट बनवा लिए। दरअसल, जांच एजेंसियों द्वारा आरोपियों के ठिकानों पर की गई अब तक की छापेमारी में चोरी से जुड़े आभूषण बरामद नहीं हो सके हैं। जेवरातों का गायब होना ही जांच टीम के इस शक को और गहरा कर रहा है कि कहीं सबूत मिटाने और सोने को आसानी से खपाने के लिए यह साजिश तो नहीं रची गई। इस बीच, एसआईटी के आला अधिकारियों ने रामलला के दर्शन करने के बाद प्रभारी केडी बाबू से आभूषणों, चढ़ावे की बहुमूल्य वस्तुओं और उनके रख-रखाव की मौजूदा व्यवस्था पर लंबी पूछताछ की। जांच टीम ने आभूषणों से जुड़े अभिलेखों के साथ-साथ भारत सरकार के उपक्रम प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (मिंट) के साथ हुए लेन-देन की फाइलें भी तलब कर ली हैं। अधिकारियों ने बैंकों और मिंट को भेजी गई धातुओं का पूरा ब्यौरा मांगा है। एसआईटी की जांच में मंदिर ट्रस्ट की कार्यप्रणाली को लेकर भी एक बड़ा खुलासा हुआ है। पता चला है कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की हर तीसरे महीने होने वाली बैठक में नकद दान और आय का विवरण नियमित रूप से रखा जाता था। भक्तों द्वारा चढ़ाए गए सोने-चांदी व अन्य बहुमूल्य रत्नों की सटीक मात्रा, उनके मूल्यांकन और उपलब्ध स्टॉक का विस्तृत ब्यौरा नियमित एजेंडे का हिस्सा नहीं था। इसी ढिलाई का फायदा आरोपियों ने उठाया।

## राम मंदिर में हर दिन 6 से 8 लाख की सेंधमारी

**उत्तर प्रदेश के अयोध्या में स्थित राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला सुर्खियों में है। रोजाना नये-नये खुलासे हो रहे हैं और जांच का दायरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। अब अयोध्या ट्रस्ट में चोरी का मामला सामने आने के बाद अब बैंक खातों में जमा होने वाली रकम में बड़ा अंतर देखने को मिला है। इस आधार पर एसआईटी को शक है कि ट्रस्ट में लंबे समय से रोजाना लाखों रुपये की चोरी हो रही थी। जांच एजेंसी ने अब इस पूरे मामले में बैंक कर्मियों से पूछताछ शुरू कर दी है और कई अहम दस्तावेज भी अपने कब्जे में ले लिए हैं। सूत्रों की जानकारी के अनुसार, चोरी का मामला उजागर होने से पहले ट्रस्ट के एसबीआई और पीएनबी बैंक खातों में हर दिन करीब 16 से 18 लाख रुपये जमा हो रहे थे। लेकिन जैसे ही चोरी की बात सामने आई, अब यही रकम बढ़कर 24 से 26 लाख रुपये प्रतिदिन तक पहुंच गई है।**

# असली पापी अपने कर्मों की सजा से नहीं बचेंगे- अखिलेश

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व पर परोक्ष रुप से तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राम मंदिर चढ़ावे का सच सामने आकर रहेगा और असली पापी अपने कर्मों की सज़ा से नहीं बच पाएंगे। श्री यादव ने शनिवार को एक्स पर लिखा, आखिरकार सुरंगजीवियों को बाहर आना ही पड़ा, क्योंकि अब अपयश का पानी सुरंग में गले तक भर गया है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, 140 करोड़ देशवासी और दुनिया भर के चंदा-दान देने वाले सनातनी यह जानना चाहते हैं कि हर काम में आगे रहने वाले, इस घोर-गंभीर मसले पर खुद सामने क्यों नहीं आए, अपने से पीछे वाले को आगे क्यों कर दिया। क्या इसमें भी ये सोचकर साज़िश की गई है कि 'महापाप' के दोष और जनाक्रोश से खुद को बचा लो और दूसरे को फंसाकर उससे सफ़ाई दिलवा दो। सपा मुखिया ने कहा, जो षड्यंत्रजीवी रहे हैं अब तो वो आपस में भी एक-दूसरे की मुखबरी कर रहे हैं। बंटवारे की लड़ाई सारे राज़ खोल देगी। श्री यादव ने कहा, जो शातिर सेंध लगाकर, बोरी भरकर सुरंग के रास्ते बहुत दूर निकल गये हैं, वो 'असली पापी' याद रखें जहां भूमिगत मार्ग ख़त्म होगा, उस अगले छोर पर 'सत्य' उनके पापों की सज़ा देने के लिए प्रतीक्षा कर रहा है। इन्हें न अयोध्या क्षमा करेगा, न देश, न वो परम प्रभु, जिसके ख़ज़ाने को इन्होंने बेरहमी, बेदर्दी और बेशर्मी से लूटा है। यह बयान ऐसे समय आया है जब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से जुड़े कुछ मुद्दे सार्वजनिक चर्चा का विषय बने हुए हैं। भाजपा या संबंधित पक्ष की ओर से इन आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



# चिंगारी

## जल्द आ रहे हैं

# नये शाहकार

## चार नये कॉलम यानी चार धड़कन



# मेरा नाम करेगा रोशन...

( इस कॉलम में दीदार होगा जुगनुओं का )





# 90 +

( इस कॉलम में आप पढ़ेंगे : चलता-फिरता इतिहास और सिलेबस ज़िंदगी का )



# हमारी गली में..

( इस कॉलम में आप पढ़ेंगे : दास्तां फरिश्तों की )

# अपने शहर में..



( इस कॉलम में आप पढ़ेंगे : अपने शहर की ईसीजी रिपोर्ट / चिंगारी के पन्नों पर )

# आपके पेट में है मछली जैसा ऑर्गन



## पैंक्रियाज



## इसकी देखभाल बेहद जरूरी, जमकर पालक, गोभी और मूली खाएं

*आपने कभी-न-कभी मछलियां जरूर देखी होंगी। उनकी बनावट और चंचलता मन मोह लेती है। देखकर तबीयत हरी हो जाती है। ऐसी ही एक मछली आपके पेट के पिछले हिस्से में रहती है। जो आपके तमाम अंगों को स्वस्थ रखती है। इसे हम पैंक्रियाज कहते हैं। आप जो कुछ भी खा रहे हैं पैंक्रियाज उसे पचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह खास तरह के जूस बनाता है, इन्हें हम एंजाइम कहते हैं। यह एंजाइम हमारे खाने से मिलने वाले शुगर, फैट और स्टार्च को तोड़ता है और इन्हें पचाने में एक जरूरी भूमिका निभाता है। यह आपको पेट की कई बीमारियों, हार्ट की बीमारियों और डायबिटीज जैसी कई बीमारियों से बचाता है।*

### पैंक्रियाज को हेल्दी रखने के लिए क्या खाएं




**पैंक्रियाज को कैसे रखें स्वस्थः-** पैंक्रियाटाइटिस के पेशेंट्स को भरपूर मात्रा में ताजी सब्जियां, फल और साबुत अनाज का सेवन करने के लिए कहा जाता है। स्वस्थ व्यक्ति भी अगर इनका सेवन करे तो पैंक्रियाटाइटिस से बचा रहेगा। इनसे कार्बस का इनटेक कम होने के साथ फाइबर इनटेक बढ़ जाता है। जो गाल ब्लैडर की पथरी व हाई ट्राइग्लिसराइड्स के जोखिम को कम करता है। असल में इन दोनों ही स्थितियों में पैंक्रियाटाइटिस होने का जोखिम बढ़ जाता है।

**ब्लड शुगर बढ़ सकता है :-** हाई ब्लड शुगर आमतौर पर पैंक्रियाज में आई परेशानियों के कारण होता है। जब पैंक्रियाज सही से काम नहीं करता तो इंसुलिन का प्रोडक्शन भी ठीक नहीं होता, इससे शुगर पचाने में मुश्किल होने लगती है। ऐसे में ब्लड शुगर हाई हो जाता है और डायबिटीज असंतुलित हो जाती है।

**कुपोषण हो सकता हैः-** अगर लंबे समय तक पैंक्रियाज की बीमारी बनी रहे तो कुपोषण का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल आप जो कुछ भी खा-पी रहे हैं, वो पचेगा नहीं तो शरीर को क्या ही लाभ मिलेगा। इससे शरीर में न्यूट्रिएंट्स और विटामिन की कमी हो जाती है, इसलिए शरीर कुपोषित होने लगता है।



"अगर पेशेंट को एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस इंफेक्शन है तो शरीर में सूजन बढ़ जाती है। इस स्थिति में खून गाढ़ा हो जाता है और क्लॉट्स बनने लगते हैं। सूजन से आर्टरीज को भी नुकसान होता है। इन सबसे ब्लड फ्लो प्रभावित होता है। ऐसी स्थिति में कार्डियक अरेस्ट की आशंका बढ़ जाती है।

### पैंक्रियाज की सेहत अच्छी रखने के लिए क्या खाएं

- पैंक्रियाज के बेहतर स्वास्थ्य के लिए फूलगोभी, ब्रोकली, बंद गोभी, मूली, पालक और टमाटर जैसी सब्जियां फायदेमंद होती हैं।
- लहसुन भी अपने एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण के कारण लाभदायक है। इससे ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में बना रहता है।
- बॉडी को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी है। पानी की कमी होने से पैंक्रियाज में सूजन आ सकती है। प्रतिदिन 8 से 10 गिलास पानी पीते रहें।
- फलों में खीरा, तरबूज, स्ट्रॉबेरी, कीवी, अंगूर और शकरकंद आदि फायदेमंद हैं।

**क्या न खाएं**

- अगर आपको एसिडिटी की समस्या है तो चाय और कॉफी पीने से बचना चाहिए। कैफीन से पैंक्रियाज में एसिडिटी और जलन पैदा हो सकती है। नींबू पानी पी सकते हैं। अगर पैंक्रियाज की किसी बीमारी से जूझ रहे हैं तो क्या नहीं खाना है।

### क्यों बिगड़ती है पैंक्रियाज की सेहत

*पैंक्रियाज की सेहत क्यों बिगड़ती है यह जानना भी जरूरी है। लंबे समय तक तला-भुना खाने, शराब पीने और पानी कम पीने से पैंक्रियाज की सेहत बिगड़ सकती है। इसे पैंक्रियाटाइटिस के नाम से भी जानते हैं। कई मामलों में पैंक्रियाटाइटिस के कारण अज्ञात हैं।*

### पैंक्रियाटाइटिस के प्रमुख कारण

- गाल ब्लैडर में स्टोन
- जेनेटिक प्रॉब्लम्स
- दवाओं के रिएक्शन से
- इंफेक्शन या चोट से
- लगातार शराब पीने से
- पैंक्रियाटाइटिस के प्रमुख लक्षण

**पैंक्रियाटाइटिस होने पर आपके पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द हो सकता है। यह धीरे-धीरे पीठ तक फैल सकता है। इससे पीड़ित लोग अलग-अलग दर्द महसूस कर सकते हैं।**

- पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द
- पीठ में दर्द
- बुखार आना
- उल्टी या मितली
- दिल तेज धड़कना
- पेट में सूजन

# बीवी नहीं चली साथ, तो साली को भगा ले गया जीजा

## शादी के बाद मायके आई थी दुल्हन

**अजब-गजब**

सोनपुर दियारा में पत्नी की विदाई न होने से नाराज एक दामाद अपनी नाबालिग साली को ही बहला-फुसलाकर भगा ले गया। 19 जून को विदाई न होने के बाद 22 जून को आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। परिजनों की शिकायत पर सोनपुर थाना पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। बिहार के सारण जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र से एक बेहद अजीबोगरीब और हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां अपनी पत्नी की विदाई कराने ससुराल पहुंचे एक दामाद पर अपनी ही नाबालिग साली को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का संगीन आरोप लगा है। घटना के बाद से ही किशोरी का कोई सुराग नहीं मिल सका है, जिससे परेशान परिजनों ने अब न्याय के लिए पुलिस का दरवाजा खटखटाया है। पुलिस को दिए गए आवेदन के अनुसार, सोनपुर दियारा क्षेत्र के रहने वाले एक पीड़ित पिता ने करीब एक वर्ष पहले अपनी बड़ी बेटी का विवाह सारण जिले के ही एक गांव के रहने वाले युवक के साथ बड़े ही धूमधाम से किया था। शादी के बाद पत्नी मायके आई हुई थी। 19 जून को आरोपी दामाद अपनी पत्नी की दोबारा विदाई कराने के लिए अपने ससुराल पहुंचा था। बताया जा रहा है कि ससुराल पहुंचने के बाद किसी घरेलू कारण या विवाद की वजह से परिजनों ने बेटी को विदा करने से इनकार कर दिया और विदाई नहीं हो सकी।



## गजब

### 116 साल की दादी ने पैदल चढ़ीं तिरुमला की 3550 सीढ़ियां

कहा जाता है कि जब इंसान के मन में सच्ची श्रद्धा और मजबूत इरादा हो, तो मुश्किल से मुश्किल रास्ता भी आसान लगने लगता है। इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एक वीडियो इसी बात का उदाहरण बन गया है। वीडियो में 116 साल की एक बुजुर्ग महिला तिरुमला की पहाड़ी पर बने लंबे सीढ़ी वाले रास्ते से पैदल चढ़ाई करती नजर आ रही हैं। उनकी उम्र जानने के बाद लोग हैरान हैं और उनकी हिम्मत की जमकर तारीफ कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग महिला अपने परिवार के साथ कर्नाटक से भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन करने तिरुमला पहुंची थीं। परिवार ने उनकी उम्र को देखते हुए वाहन से ऊपर जाने का सुझाव दिया, लेकिन उन्होंने पैदल यात्रा करने की इच्छा जताई। परिवार ने भी उनका पूरा साथ दिया और पूरे रास्ते उनके साथ चलता रहा। इसी दौरान किसी श्रद्धालु ने उनका वीडियो रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। तिरुमला तक पहुंचने वाला अलीपिरी मार्ग आसान नहीं माना जाता है। करीब 11 किलोमीटर लंबे इस रास्ते में लगभग 3,550 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। आमतौर पर युवा भी इस चढ़ाई के दौरान कई बार आराम करते हैं। ऐसे में 116 साल की महिला का धीरे-धीरे लेकिन बिना हार माने आगे बढ़ना लोगों को प्रेरित कर रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह आराम से एक-एक कदम आगे बढ़ा रही हैं। परिवार के सदस्य उनका सहारा जरूर



बनते हैं, लेकिन उनके चेहरे पर थकान या घबराहट के बजाय आत्मविश्वास साफ दिखाई देता है। यही बात लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रही है। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स लगातार अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। किसी ने लिखा कि उम्र कभी भी सपनों या आस्था के बीच नहीं आ सकती, तो किसी ने कहा कि यह वीडियो जीवन में कभी हार न मानने की सीख देता है। कई लोगों ने बुजुर्ग महिला की इच्छाशक्ति और भगवान के प्रति उनकी अटूट आस्था को सलाम किया है। रास्ते में मौजूद कई श्रद्धालु भी उन्हें देखकर रुक गए। कुछ ने उनका हौसला बढ़ाया तो कुछ ने हाथ जोड़कर उनका सम्मान किया। लोगों का कहना है कि इतनी उम्र में इतनी कठिन चढ़ाई करना केवल शारीरिक ताकत का नहीं, बल्कि मजबूत मन और अटूट विश्वास का प्रतीक है। यह वायरल वीडियो सिर्फ एक धार्मिक यात्रा की कहानी नहीं है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि उम्र सफलता या हौसले की सबसे बड़ी पहचान नहीं होती। अगर मन में विश्वास, धैर्य और आगे बढ़ने का जज्बा हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं रहती। यही वजह है कि 116 साल की इस महिला का सफर आज लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बन गया है।

# स. सतवंत सिंह सलूजा को सम्मानित किया

## श्री गुरुसिंह सभा नूरपुर में हुआ सम्मान समारोह



**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पंजाबी समाज के जिला अध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा का रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, नूरपुर में भव्य सम्मान किया गया।

दीवान हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा साहिब के सेवादारों ने संगत की उपस्थिति में सरदार सतवंत सिंह सलूजा को सरोपा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' तथा 'वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' के गगनभेदी जयकारों से पूरा दीवान हॉल गूंज उठा।

गुरु घर के मुख्य सेवादार ज्ञानी राजवीर सिंह ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में अरदास कर सरदार सतवंत सिंह सलूजा के उज्ज्वल भविष्य एवं पंथ की निरंतर सेवा के लिए अरदास की। दीवान की समाप्ति के बाद भी संगत एवं गणमान्य लोगों द्वारा उन्हें बधाई देने का सिलसिला जारी रहा। इस अवसर पर सतवंत सिंह सलूजा ने संगत एवं सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे बिजनौर जिले के सिख समाज व गुरु घर की सेवा से जुड़े प्रत्येक सेवादार का सम्मान है। मैं गुरु साहिब की कृपा से समाज, पंथ व गुरुद्वारों के विकास एवं संगत की सेवा के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करता रहूंगा।

संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन कर रहे सरदार हरभजन सिंह अमन एवं रविन्द्र सिंह मिक्की ने कहा कि सरदार सतवंत सिंह सलूजा का प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन जनपद बिजनौर के सिख समाज के लिए गर्व और सम्मान की बात है। इस दौरान सरदार परवेन्दर सिंह,बलविंदर सिंह विशाल, अमन सिंह टांक,गुरनाम सिंह, वरिष्ठ पत्रकार गुणवंत सिंह, चौधरी अजयवीर सिंह, संदीप जोशी, गुरदर्शन सिंह, अमरीक सिंह, गुरदीप सिंह,तसलीम अहमद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सिपाही की शिकायत लेकर थाने पहुंचे किसान नेता



एसएचओ रेहड़ से वार्ता करते किसान नेता।

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** आज प्रात: थाना रेहड़ पहुंचे भाकियू (टिकैत) के कई पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा से मुलाकात की और कल्लूवाला पुलिस चौकी पर तैनात एक सिपाही की कार्यशैली की शिकायत करते हुए उसके व्यवहार में सुधार लाने की मांग की। किसान नेताओं की बात सुनकर थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा ने उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी सिपाही अथवा दरोगा की कार्यशैली से किसी भी क्षेत्रवासी को कोई दिक्कत नहीं आएगी। क्षेत्रवासियों का मान-सम्मान हमारी प्राथमिकता है। एसएचओ से मुलाकात करने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, राणा सैनी, रमेशचंद्र शेखावत, हरि सिंह आदि नेता मौजूद रहे।

# सीडीओ ने किया गौशालाओं का निरीक्षण



गौशाला का निरीक्षण करते सीडीओ।

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) रणविजय सिंह ने अधिकारियों, कर्मचारियों की टीम के साथ क्षेत्र के ग्राम अगवानपुर, तुरतपुर व शेरगढ़ स्थित गौशालाओं का निरीक्षण किया। वर्षाकल के मद्देनजर सीडीओ ने यहां साफ सफाई, चारे-पानी, गायों के रखरखाव आदि की व्यवस्थाओं देखा परखा और विशेष रूप से गौशालाओं में जलभराव की समस्या उत्पन्न न होने को लेकर गंभीरता दिखाई। सीडीओ ने व्यवस्था में सुधार को लेकर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर बीडीओ अफजलगढ़ मनवीर सिंह व पशु चिकित्साधिकारी एसपी सिंह सहित अनेक कर्मचारी, अधिकारी एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# रो. गजे सिंह ने पौत्र के जन्मदिन पर छात्राओं को ड्रेस वितरित की

**बिजनौर (चिंगारी)।** रोटरी क्लब गंगा के चार्टर सदस्य रोटेरियन गजे सिंह के पौत्र मुकुल राणा के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर आदर्श विद्या निकेतन इंटर कॉलेज शहबाजपुर में छात्राओं को ड्रेस वितरित की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष रो रेखा अग्रवाल ने की एवं संचालन सचिव आदेश भटनागर ने किया। चार्टर अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष खगेश कुमार शर्मा, पूर्व अध्यक्ष हितेश शर्मा, तृप्ति शर्मा, डा. नवनेश कोठारी एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह, अतुल कुमार, देवेश राजपूत, पूनम रानी, गंभीर सिंह, सुबोध कुमार, संजय सिंह द्वारा छात्राओं को ड्रेस वितरित की गई।



# नींद पूरी करने के लिये खड़े होकर सो रहे जापानी लोग

**टोक्यो (एजेंसी/चिंगारी)।** जापान में लोग नींद की कमी से निपटने के लिये नये और अनोखे तरीके अपना रहे हैं। यहां के दफ्तरों में 'स्टैंडिंग नैप बॉक्स' (खड़े होकर सोने वाले केबिन) का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि कर्मचारी काम के बीच में खड़े-खड़े 20 मिनट की झपकी ले सकें। इसके अलावा करीब 2.36 लाख रुपये तक के ऐसे स्मार्ट बैड भी बेचे जा रहे हैं, जो सोते समय शरीर की पोजीशन के हिसाब से अपना एंगल खुद बदल लेते हैं। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि खड़े होकर सोना या गैजेट के जरिये ली जाने वाली ये शॉर्ट नैप नींद की कमी का पक्का इलाज नहीं, बल्कि सिर्फ एक अस्थायी राहत है।

बता दें कि दुनिया के सबसे कम सोने वाले देशों में शुमार जापान में अब नींद की कमी संकट बन चुकी है। यहां के लोग अन्य विकसित देशों के मुकाबले औसतन करीब डेढ़ घटा कम सोते हैं। लंबे काम के घंटे और नींद को कम महत्व इस स्थिति के लिये जिम्मेदार है।

# दहेज हत्या में पति को आजीवन कारावास

## 50 हजार का जुर्माना भी हुआ, देवर व सास दोषमुक्त

**नगीना (चिंगारी)। अपर सत्र न्यायाधीश मुहम्मद शारिक सिद्दीकी ने दहेज के लिए विवाहिता की हत्या के प्रकरण में पति को आजीवन कारावास व पचास हज़ार रुपए के अर्थदंड की सज़ा सुनाई गई।**

जनपद मुरादाबाद के डिलारी थाना क्षेत्र के ग्राम अलियाबाद निवासी तौफीक अहमद पुत्र स्व. रफीक ने 7 जुलाई 2019 को अफजलगढ़ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी पुत्री रहनुमा का निकाह अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जयनगर निवासी हिफज़ुर्रहमान पुत्र स्व. अल्ताफ के साथ हुआ था। शादी के तुरंत बाद से ही पति हिफज़ुर्रहमान,देवर सलमान, सास नसीमा, ननद गुलफशा व नंदोई ताहिर शादी में कम दहेज लाने की वजह से उसकी पुत्री को ताने देते तथा शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे।

तौफीक अहमद ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा कि 7 जुलाई 2019 को सुबह 6.30 बजे उसे फोन पर सूचना मिली कि तुम्हारी लड़की को ससुराल वालों ने जान से मार दिया है। वह तुरंत परिवारवालों के साथ बेटी के मायके पहुंचा तो उसकी पुत्री की लाश बरामदे में पड़ी थी और ससुराल वाले घर छोड़कर भाग गए थे।

अफजलगढ़ थाना पुलिस ने तौफीक अहमद की तहरीर पर पति हिफज़ुर्रहमान व उसके भाई सलमान, सास नसीमा पत्नी स्व. अल्ताफ के खिलाफ दहेज हत्या व संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय में सात वर्षों तक चली सुनवाई के दौरान साक्षीगणों के मौखिक साक्ष्यों व पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों तथा विद्वान जिला शासकीय अधिवक्ता एवं अभियुक्तगणों के अधिवक्ता के तर्कों के विवेचनोपरांत न्यायालय सत्र न्यायधीश नगीना ने शनिवार को सज़ा सुनाई। सत्र न्यायाधीश मुहम्मद शारिक सिद्दीकी ने अभियुक्त सलमान पुत्र स्व. अल्ताफ निवासी ग्राम जयनगर थाना अफजलगढ़ को दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास व 50 हज़ार रुपए अर्थदंड से दंडित करते हुए सजा सुनाई। सलमान पुत्र स्व. अल्ताफ व नसीमा पत्नी स्व. अल्ताफ को दोषमुक्त कर बरी कर दिया गया।

# 100 करोड़ की लागत से बनेंगे नाले जल भराव से मुक्ति पायेंगे सहारनपुर वाले

**सहारनपुर ( चिंगारी )।** नगर निगम के शाकंभरी सभागार में 15वें वित्त की बैठक महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शहर में जल निकासी के लिए करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से तीन नालों के निर्माण की स्वीकृति दी गई। इसके अतिरिक्त वार्ड 27 गणपति विहार में उमर पैलेस से ढमोला नदी तक लगभग 70 लाख रुपए की लागत से एक नाला निर्माण को स्वीकृत किया गया।


बैठक को संबोधित करते महापौर डॉ. अजय कुमार।

महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में हुई 15वें वित्त की बैठक में वार्ड 33 में यश विहार से टपरी बाईपास अनुराग विहार होते हुए 2660 मीटर लंबे आईसीसी नाला निर्माण तथा चिलकाना रोड पर लॉर्ड महावीरा एकेडमी से पांवधोई नदी तक 1744 मीटर लंबाई का आईसीसी नाला निर्माण और वार्ड 57 इस्लामिया कॉलेज रोड पर 520 मीटर लंबे आरसीसी नाला निर्माण को स्वीकृति दी गई। उपरोक्त नालों के निर्माण के अतिरिक्त शहर के छह वार्डों में 35 हॉर्स पावर के 6 नलकूप रिबोर को भी स्वीकृत किया गया। इनमें वार्ड संख्या 11 पैरामाउंट ट्यूलिप, वार्ड 13 ट्रांसपोर्ट नगर, वार्ड 22 मातागढ़ जलकर परिसर, वार्ड 68 तेलियों का चौक, वार्ड 62 गोटेशाह और वार्ड 13 महाडी शमशान घाट के पास का स्थान शामिल है। इसके अतिरिक्त पांच वार्डों में वार्ड 36 जोहरिया मस्जिद के निकट, वार्ड दो अजीत सिंह नगर, वार्ड 30 में 62 फुटा रोड, वार्ड 25 कोरी माजरा और वार्ड 10 अंकित बिहार में 15 एचपी के मिनी नलकूप अधिष्ठापन के कार्य को भी स्वीकृति दी गई। इस कार्य पर करीब 98 लाख रुपए व्यय आएगा। बैठक में ओवरहैड टैंकों की मरम्मत और पेंटिंग के लिए करीब 2 करोड़ 78 लाख रुपए स्वीकृत किए गए। बैठक में महापौर के अतिरिक्त नगरायुक्त शिपू गिरि, नगर निगम के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष तथा जिलाधिकारी व उपाध्यक्ष प्राधिकरण के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## बिना रजिस्ट्रेशन के बालटाल में रुके हुए हैं धामपुर के 6 शिवभक्त

**धामपुर ( चिंगारी )।** कश्मीर की वादियों में हिमालय की बर्फीली चोटियों पर स्थित पावन गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन करने की कामना लेकर धामपुर से आधा दर्जन युवक बिना रजिस्ट्रेशन कराए बालटाल पहुंच गए हैं। 3 जुलाई से अमरनाथ यात्रा शुरू हो गई है। धामपुर के भी 6 शिवभक्त मन में बाबा अमरनाथ बर्फानी के दर्शन की कामना लेकर बिना रजिस्ट्रेशन के बालटाल पहुंचे। यह शिवभक्त वहां पर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रयासरत हैं। कल इन शिवभक्तों को दोपहर 12 बजे रजिस्ट्रेशन के लिए टोकन तो मिल गए, परंतु शिवभक्तों की संख्या अधिक होने के कारण उनका आज भी रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका है। श्री शिव शक्ति सेवा मंडल बुढलाडा पंजाब की शाखा धामपुर के संयोजक सुनील अग्रवाल पचरंगी ने बताया कि धामपुर के सभी शिवभक्त बालटाल में लगे हुए शिविर में रुके हुए हैं, परंतु अभी उनका रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया है। उल्लेखनीय है कि अमरनाथ श्राइन बोर्ड उन्हीं शिवभक्तों को बाबा अमरनाथ बर्फानी के दर्शन के लिए भेजता है जिनका रजिस्ट्रेशन हो जाता है।

## रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास शीघ्र बनवाने की मांग

**धामपुर ( चिंगारी )।** मंडी युवा व्यापार संगठन बड़ी मंडी द्वारा रजिस्ट्री डाक से पत्र भेजकर केन्द्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास बनाए जाने की मांग की गई है। केंद्रीय रेलमंत्री को अवगत कराया गया है कि 3 वर्ष पूर्व जब वह धामपुर आए थे, तब उन्होंने धामपुर स्टेशन के रेलवे क्रॉसिंग संख्या 457 एवं 458 पर अंडरपास बनवाने की घोषणा की थी। लेकिन आज तक कार्य धरातल पर नहीं हो सका है, जिससे व्यापारियों एवं आम नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ट्रेनों की संख्या अधिक होने के कारण अधिकांश समय रेलवे फाटक बंद रहता है जिससे जाम लगा रहता है। महिलाओं एवं बच्चों को भीषण गर्मी में बहुत कठिनाई होती है। व्यापारियों के कारोबार पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, इसलिए अंडरपास जल्दी से जल्दी बनवाने की मांग की गई है। मंडी युवा व्यापार संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू, महामंत्री विपुल जैन,कोषाध्यक्ष मनोज धनोरिया के द्वारा पत्र भेजा गया है।

## मजदूर किसान एकता संगठन के जिला प्रभारी बने अजय कुमार सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मजदूर किसान एकता संगठन ने संगठन के विस्तार एवं जनहित के कार्यों को गति देने के उद्देश्य से अजय कुमार सिंह को जिला प्रभारी, बिजनौर मनोनीत किया है। उनका मनोनयन-पत्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नमन कुमार द्वारा जारी किया गया। मनोनयन-पत्र के अनुसार अजय कुमार सिंह संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों का जन-जन तक प्रचार-प्रसार करेंगे तथा किसानों, मजदूरों एवं समाज के वंचित वर्गों के हितों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। साथ ही उन्हें जिले में संगठन को मजबूत करने, नये सदस्यों को जोड़ने तथा संगठनात्मक गतिविधियों के प्रभावी संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश अध्यक्ष नमन कुमार ने कहा कि अजय कुमार सिंह के सामाजिक अनुभव एवं संगठनात्मक क्षमता का लाभ संगठन को मिलेगा। नवनियुक्त जिला प्रभारी अजय कुमार सिंह ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।



## दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से 220वां निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**धामपुर ( चिंगारी )।** सुसंसकारित स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से 220वां निःशुल्क चिकित्सा शिविर ग्राम मोहड़ा में आयोजित किया गया। शिविर में 45मरीजों को निःशुल्क परामर्श एवं तीन-तीन दिन की दवाइयां वितरित की गई। शनिवार की शाम को शिविर का शुभारंभ संजीव कुमार, विशाल कुमार, गजेंद्र कुमार आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में डॉ. आदित्य अग्रवाल सर्जन ने 45 मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया और 3-3 दिन की दवाइयां भी निःशुल्क वितरण की गईं। कैंप में सभी जांचें नाम मात्र रुपए में कराई गई हैं। शिविर में 'पॉलिथीन मुक्त अपना देश-प्रदेश और शहर' अभियान के बारे में लोगों को अवगत कराते हुए कपड़े के बने थैले 10 रुपए सहयोग राशि लेकर वितरित किए गए। शिविर को सफल बनाने में गौरव सिंह, साहिल, अखिलेश, पंकज, गौरव, हिमांशु, कपिल, नन्हे, आनंद, मोहित, संकेत, सौरभ व आनंद आदि का योगदान रहा।

## बाबा अमरनाथ की यात्रा के लिये 8 जुलाई को रवाना होगी ए.सी. बस

**बिजनौर ( चिंगारी )।** श्री शिवशक्ति धाम बिजनौर के मुख्य संयोजक एसके बबली एड. ने बताया कि गत 15 वर्षों की भांति इस वर्ष भी अमरनाथ यात्रा के लिए ए.सी. बस 8 जुलाई सुबह 9 बजे नगर पालिका चौक से रवाना होगी। कमेटी ने यात्रा की तैयारी पूरी कर ली है। सभी भक्तगण सुबह 8 बजे तक पहुंच जायें। यात्रा ठीक 9 बजे रवाना हो जायेगी। यात्रा 10 से 11 दिनों की है।सभी भोले भक्त अपनी तैयारी पूर्ण कर लें, क्योंकि मात्र तीन दिन शेष हैं। श्री बबली एड. ने बताया कि यात्रा निःशुल्क है। 60 भक्तों को प्रत्येक वर्ष भेजा जाता है। अब तक लगभग 12 हजार भक्तों को फ्री दर्शन करवाया जा चुका है। इस यात्रा के संयोजक अखिल अग्रवाल मुरादाबादी ज्वैलर्स, शंकर लाल, अरबन बैंक, नानक चन्द खेड़ा हैं। यात्रा का संचालन गौरव खेड़ा करेंगे। इस यात्रा में विशेष सहयोगी डा. रोहन चौधरी, डा. निकिता, डा. खुशबू हैं।



## सहकारी समिति में चौपाल का आयोजन



किसानों को संबोधित करते अपर जिला सहकारी अधिकारी अमित वर्मा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) मंडावर में शनिवार को सहकारी जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें उर्वरकों के संतुलित प्रयोग पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सहकारी जागरूकता चौपाल के मुख्य अतिथि अपर जिला सहकारी अधिकारी अमित वर्मा रहे। उन्होंने चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि सहकारी समितियां मात्र 3 प्रतिशत ब्याज पर कृषकों को ऋण उपलब्ध कराती हैं, जो कि न्यूनतम ब्याज दर है। सहकारी समितियों द्वारा एक फसल के लिये प्रति हेक्टेयर 7 बोरी यूरिया और 5 बोरी डीएपी खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। जल विलय, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। विशिष्ट अतिथि, इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक शिवम तिवारी ने उपस्थित लोगों को खाद (फर्टिलाइजर्स) के उचित उपयोग और उससे सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। सहकारी संघ मंडावर के सभापति पवन राजपूत की अध्यक्षता तथा समिति के पूर्व एम.डी. राजपाल सिंह के संचालन में आयोजित चौपाल में बी-पैक्स मंडावर के सभापति राजीव राजपूत, गौरव कुमार, ऋषिपाल सिंह, एम.डी. जगदीश सिंह और रघुवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सचिव को गुरूद्वारे में कराया गया पदभार ग्रहण



**धामपुर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया के सत्र 2026 27 के अध्यक्ष सरदार गगनदीप सिंह चावला और सचिव सरदार गुरदीप सिंह चावला को आज प्रात: पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा के दीवान हॉल में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की जी हजूरी में संगत के बीच पदभार ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा, गुरुद्वारे के प्रधान सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट व सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने कॉलर पहनाकर दोनों नवनियुक्त पदाधिकारी को कार्यभार ग्रहण कराया। रोटरी के संकल्प स्वयं से पहले सेवा की भावना के साथ नगर में सौ बेड का अस्पताल स्थापित करने वाले समाजसेवी चिकित्सक डॉ. एनपी सिंह, नि:शुल्क कैंप लगाकर मरीज का उपचार करने वाले डा. आदित्य अग्रवाल, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र शर्मा, डॉ. पुलकित महेश्वरी दो राजमोहन विश्वास डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ. मोनिका अग्रवाल, डॉ. शिखा अग्रवाल, डॉ. आकांक्षा गोयल मुख्य डाकघर के पोस्टमास्टर संजीव कुमार, राजेंद्र चौधरी को उनकी समाज के प्रति उल्लेखनीय सेवाओं के लिए शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में असिस्टेंट गवर्नर मनीष कुमार गर्ग, निवर्तमान रोटरी अध्यक्ष विवेक अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा ने कहा कि रोटरी क्लब के सभी पदाधिकारी टीम भावना से कार्य करते हुए सभी प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करेंगे संस्था के अध्यक्ष सरदार गगनदीप सिंह चावला ने कहा कि उनको जो कार्यभार दिया गया है। उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पालन करेंगे। गुरुद्वारे के प्रधान सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट ने कहा कि गुरुद्वारे में आयोजित कार्यक्रम से सभी के मन में जो सेवा भावना जागृत हुई है उसका वह समाज हित में क्रियान्वयन करेंगे। कार्यक्रम का संचालन एसपी सलूजा व सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने संयुक्त रूप से किया।

# नवागत कोतवाली प्रभारी का स्वागत किया



नवनियुक्त इंस्पेक्टर रविंद्र प्रताप सिंह का स्वागत करते क्षत्रिय बन्धु।

**धामपुर ( चिंगारी )।** महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के पदाधिकारियों द्वारा धामपुर कोतवाली के नवनियुक्त इंस्पेक्टर रविंद्र प्रताप सिंह का महाराणा प्रताप का चित्र,स्मृति चिन्ह, पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभा के पदाधिकारियों ने इंस्पेक्टर रविंद्र प्रताप सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके कुशल नेतृत्व, निष्पक्ष कार्यशैली एवं प्रशासनिक अनुभव से धामपुर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना सुदृढ़ होगी। इंस्पेक्टर रविंद्र प्रताप सिंह ने महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा, बिजनौर के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस और समाज के आपसी सहयोग से ही अपराधमुक्त, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से कानून का पालन करने तथा किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को देने की अपील की। इस अवसर पर जयवीर सिंह सिसोदिया (जिलाध्यक्ष), महेंद्र पाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया, चंद्रभान सिंह गहलोत, ओम प्रकाश सिंह, रामअवतार सिंह, मीनू सिसोदिया मौजूद रहे।

## आज का विचार

# नौकरीपेशा पति-पत्नी का धर्मसंकट



**सत्यराज**

आधुनिकता के इस दौर में एक चलन यह भी चल गया है कि हम अपने नौकरीपेशा बेटे के लिए नौकरीपेशा बहू ही खोजने लगे हैं। आर्थिक स्तर पर और बेहतर जीवन जीने के सपने लिए आज के युवा भी ऐसा सोचने लगे हैं कि जब पति-पत्नी दोनों कमाएंगे तो घर गृहस्थी और संपन्नता के साथ चलने लगेगी। नई सोच को हम दरकिनार भी नहीं कर सकते, लेकिन इस नए जीवन आयाम में रिश्तों की अनेक परिभाषाएं अपना परंपरागत स्वरूप बदल रही हैं। मतलब शाम को ऑफिस से थक कर लौटी महिला से आप उम्मीद करें कि वह आदर्श ग्रहणी बनकर घर के कामों को भी पूरा करने में लग जाए। सास ससुर अथवा देवर ननद जैसे रिश्तों के साथ न्याय कर सके तो जरा रुकिए और सोचिए, क्या यह संभव है । हो सकता है कुछ कामकाजी महिलाएं अपने घरेलू दायित्व निभा भी लेती हों । तो रात को देर से बिस्तर पर पहुंचने वाली पत्नी से आप सामान्य पत्नी की तरह के व्यवहार की उम्मीद करें तो यह उस महिला के साथ अन्याय ही होगा। इतना ही नहीं ऐसे पारिवारिक माहौल में रहने को मजबूर महिलाएं मां बनने की जिम्मेदारी से भागने लगी हैं अथवा एक बच्चा पैदा करके इतिश्री कर लेती हैं । वे जानते हैं कि पति-पत्नी दोनों की नौकरी के चलते बच्चों को पालना सामान्य हो ही नहीं सकता। दादा-दादी भी उनके घर रहकर कितना सहयोग कर सकते हैं। किड केयर सेंटर पर बच्चे छोड़ने भी उतना भरोसे का सौदा नहीं माना जाता। फिर यह भी सर्व सत्य है कि बच्चों को पालने में मां की भूमिका दुनिया में कोई अन्य रिश्ता पूरी नहीं कर सकता । अब आदमी/ औरत को समान अधिकारों की वकालत करने वाले लोग महिला के घर के बाहर की भूमिका को ही समान अधिकार के पैमाने पर तोलते हैं। घर के अंदर एक पत्नी, एक मां, एक बहू और घर की संचालक की भूमिका की अनदेखी कर दी जाती है। आधुनिक महिला घर से बाहर निकाल कर आदमी के बराबर अधिकार तो पाने लगी है, लेकिन इसके चलते घर के अंदर की भूमिकाएं छिन्न भिन्न हो गई हैं। निरंतर छोटे होते जा रहे परिवारों में यह संकट और विकट हो गया है। नौकरीपेशा पति-पत्नी के माता पिता छोटे-छोटे कॉलखंडों में आकर अपने बच्चों के यहां रह भी लेते हैं, लेकिन निरंतर जर्जर और शक्तिहीन हो रहे इन वृद्धों से आप कितने सहयोग की उम्मीद कर सकते हैं। अब सोचना होगा कि परिवार बहुत बड़े ना सही कुछ तो बड़े करने होंगे। 5-7 बच्चों वाले घरों की कल्पना नहीं तो कम से कम दो-तीन भाई बहनों के परिवार तो होने चाहिए, तभी आप शांति के साथ सामान्य नौकरीपेशा पति-पत्नी के रूप में जीवन आसान बना पाएंगे, नहीं तो नौकरी पर जाते समय बच्चों को बाल गृह में जमा करिए, शाम को घर आते समय सामान की तरह लेते रहेंगे, बस डर यह रहेगा की कहीं एक दिन बच्चा बड़ा होकर आपको वृद्ध आश्रम में ना जमा कर दे।

# चंपत राय के पक्ष में आया संतों का समूह

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर बवंडर के बीच संतों का एक समूह श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय के पक्ष में उतर आया। गोलाघाट स्थित हजारा मंदिर में एकत्र संतों ने पत्रकार वार्ता की। इसमें सभी ने चोरी की घटना पर तरह-तरह की आ रहीं प्रतिक्रियाओं व फैलाए जा रहे भ्रम की निंदा की। कहा, एसआईटी व पुलिस की जांच में सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा और सीएम योगी आदित्यनाथ दोषियों को सजा अवश्य देंगे। संतों ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्ट महासचिव चंपतराय को इसमें न घसीटने की नसीहत दी। कहा इस समय राम व हिंदू धर्म के विरूद्ध बड़ी साजिश चल रही है। इससे सचेत रहना होगा। चंपतराय को निर्दोष बताया। राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख संत रहे स्वर्गीय डाक्टर रामविलास दस वेदांती के शिष्य व हिंदू धाम के महंत राघवेशदास वेदांती ने ट्रस्ट सवि चंपतराय का त्याग पत्र स्वीकार न करने की मांग की। राम कचहरी मंदिर के महंत शशिकांत दास ने कहा कि देश भर में इस प्रकार का वातावरण बनाना ठीक नहीं है, जैसे लग रहा है कि चंपतराय सबसे बड़े दोषी हैं। पूछा कि चोरी हुई तो कोषाध्यक्ष गोविंद गिरि कहां थे, उन्हें सामने आकर स्पष्टीकरण देना चाहिए। बावन मंदिर के महंत वैदेहीवल्लभ शरण ने चंपतराय को ईमानदार व श्रेष्ठ व्यक्तित्व का धनी बताया। विद्याकुंड आश्रम के महंत महामंडलेश्वर प्रेमशंकरदास, साकेत आश्रम के महंत सीताराम आश्रम, बधाई भवन के महंत राजीव लोचन शरण, किरार



मंदिर के महंत हरिमोहनशरण व दिव्यानंद शास्त्री ने चंपतराय को त्याग पत्र स्वीकार न करने का मुद्दा उठाया। कहा कि प्रचार माध्यमों में बहुत बातें भ्रामक व तथ्यहीन हैं।

## अयोध्या के मंदिर में पहले दिन से खेल चल रहा था इसलिए दर्शन करने नहीं गया : बृजभूषण

**गोंडा ( एजेंसी/चिंगारी )।** अयोध्या के मंदिर में चढ़ावा को लेकर पहले दिन से ही खेल चल रहा था, यही कारण है कि आज तक दर्शन करने नहीं गया। यह बात कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने नवाबगंज के विश्नोहरपुर स्थित आवास पर वार्ता के दौरान कही।

## कल होगा चंपतराय व अनिल मिश्र के इस्तीफे पर फैसला

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की कल छह जुलाई को होने जा रही बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय व ट्रस्टी डा. अनिल कुमार मिश्र के इस्तीफे पर निर्णय होना है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरि ने बैठक का एजेंडा जारी कर दिया है। इस मुद्दे के अलावा एसआईटी की प्राथमिकता रिपोर्ट ओर सीईओ की नियुक्ति पर चर्चा हो सकती है। इस दौरान पटल पर एसआईटी की प्राथमिक रिपोर्ट रखी जाएगी, जिसके बिंदुओं से सदस्यों को अवगत कराया जाएगा। बैठक मणिरामदास जी की छावनी में दोपहर तीन बजे से होगी। अध्यक्षता ट्रस्ट प्रमुख महांत नृत्यगोपालदास करेंगे।

# विधायक ने बरसात से पहले बिजली की समस्या का समाधान कराया



## बारिश में मालन नदी में अब नहीं गिरेंगे बिजली पोल

नजीबाबाद (चिंगारी)। विधायक हाजी तसलीम अहमद जनता से जो वादा करते हैं, उसे पूरा करने का भी पूरा प्रयास करते हैं। विधायक हाजी तसलीम ने नजीबाबाद की एक बहुत बड़ी बिजली की समस्या का अपनी निधि से बड़े खंबे लगवा कर उसका समाधान कराने का सराहनीय कार्य किया है। विधायक इस कार्य को करने के लिए पिछले काफी समय से जुटे हुए थे। विधायक के प्रयास से शासन द्वारा स्वीकृत बजट के बाद विद्युत विभाग ने इस कार्य को पूरा कर दिया है। सराहना की है। विधायक हाजी तसलीम अहमद ने बताया कि हर बार बरसात के समय मालन नदी में पानी का तेज बहाव आने से बह जाने वाले विद्युत पोल के स्थान पर नई विद्युत लाइन बनाने का कार्य बरसात होने से पहले पूरा हो गया है। जैसा कि नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद ने पहले ही कहा था कि बरसात होने से पहले यह कार्य पूर्ण करा दिया जाएगा। 56 पोल द्वारा नई लाइन बनाने से अब मालन नदी में होने वाले तेज बहाव से होने वाली विद्युत कटौती की समस्या से कस्बा साहनपुर, हर्षवाड़ा, विजय नगर, रम्पुरा, संतोमालन, दरोदग्रान, बांसफोड़न सहित 18 क्षेत्रों के विद्युत उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। विधायक ने कहा है कि जनता की हर समस्या पर उनकी नजर है तथा वह हमेशा प्रयासरत रहते हैं कि समस्याओं का हल करने के लिए शासन प्रशासन से हर झंडी मिलते ही वह इसे पूरी तरह से हल कराने का काम करते हैं, जिससे जनता को किसी तरह की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर बिजली विभाग के एसडीओ थर्ड गवेंद्र सिंह, शादाब हैदर, शकील अहमद, अमजद, ठेकदार चांदी सैफी, मरगूब प्रधान, अनवर खान मंसूब आदि उपस्थित रहे। साथ ही नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद द्वारा आज़ाद चौक बाईपास के निर्माण हेतु कार्य योजना इस वित्तीय वर्ष 2026-27 में भेजी जा चुकी है। इसका प्रस्ताव बनवाकर भिजवाया जा रहा है। ताकि जल्द निर्माण की स्वीकृति मिल सके। विधायक ने कहा है कि उन्होंने जनता से बाईपास निर्माण का जो वादा किया है, उसे वह जल्द ही पूरा कराने का काम करेंगे।



# भाजपाइयों ने सांसद चंदन चौहान का स्वागत किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद में भाजपा नेत्री लीना सिंघल के जनसंपर्क कार्यालय पर बिजनौर के सांसद चंदन चौहान का भाजपा कार्यकर्ताओं ने लीना सिंघल के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद चंदन चौहान ने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की जीत के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आवाहन किया। चंदन चौहान ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का सर्वांगीण विकास हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की नीति पर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर सभासद इंदु राजपूत, महिला मोर्चा अध्यक्ष मनीषा सैनी, मंडल उपाध्यक्ष गायत्री निराला, क्षेत्र पंचायत सदस्य कपिल चौधरी, शुभम राजपूत, धर्मेंद्र कश्यप, कोमल सिंह हल्दिया, इंजीनियर बीपी सिंह, शिवकुमार जोशी, शशिबाला, आकाश रघुवंशी, राजकुमार, अरुण चौधरी, अनुराधा चौधरी, अंजू कुमारी, विष्णु कुशवाहा, सुमित सैनी, शोभित सैनी, गीताबल, सुजाता, रणवीर निराला, विजयपाल सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन राजन राजपूत ने किया।

# किसान नेता की मांग पर बाईपास निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। भारतीय किसान संगठन एकता के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी मौ. फुरकान खान ने बताया कि वह तथा उनका संगठन आजाद चौक से नई तहसील तक की खस्ताहाल सड़क का निर्माण कराने के लिए पिछले काफी समय से प्रयासरत थे। उन्होंने 11 जून 2026 को डीएम बिजनौर को उक्त सड़क निर्माण के लिए पत्र भेजा था। जिस पर डीएम ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अधिकारी को जांच कर नियामानुसार कार्रवाई करने को लिखा था। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने उन्हें मोबाइल पर कॉल कर बताया है कि उनके द्वारा की गई बाईपास मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव डीएम की संस्तुति के साथ 2026-27 की कार्य योजना में शासन को भेज दिया गया है।**

# किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की मासिक पंचायत शनिवार को तहसील परिसर में जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में आयोजित की गई। पंचायत में किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं एवं मांगों पर विस्तार से चर्चा कर उनके समाधान के लिए आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। मासिक पंचायत में किसानों के बीच पहुंचे एसडीएम नजीबाबाद को जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं व मांगों से अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया पंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने कहा कि वर्तमान समय में किसान अनेक गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि जब किसान अपनी जायज मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाता है, तो उसे फर्जी मुकदमों में फंसाने व धमकाने का प्रयास किया जाता है। ज्ञापन में बड़ी फैक्ट्रियों से निकलने वाले दूषित जल एवं धुएं पर प्रभावी नियंत्रण कर पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित कराने, सभी चीनी मिलों द्वारा किसानों के गन्ने का भुगतान 14 दिनों के भीतर कराने, पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ने का मूल्य 550 प्रति क्विंटल घोषित कराने, सहकारी समितियों में जमा ब्याज पर किसानों की लंबित 4 प्रतिशत सब्सिडी शीघ्र वापस कराने, भीषण गर्मी के दौरान अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाने आदि मांगें की गई। पंचायत में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. गौरव चौधरी, भूपेंद्र सिंह, नरेश कुमार, प्रदीप राणा, सुखवीर सिंह, सरदार जरनैल सिंह, नीटू राणा, मूला सिंह, डॉ. जयप्रकाश सिंह, सत्यपाल सिंह, हेमेंद्र सिंह, अजयपाल सिंह, मास्टर सुरेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह, सरदार गुरपेज सिंह, रीना शर्मा, शहाबुद्दीन, अंकित दहिया, विनील चौधरी, जय सिंह, मुव्वशिर बेग, अकरम अली, फुरकान अली आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3
कालागढ़

निविदा सूचना संख्या- 30/ई.ई./के.भ.ख.-3/2026-27

पत्रांक : 1589/के.भ.ख.-3/निविदा दिनांक : 29/06/2026

महामहिम राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद पृथक-पृथक निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 15-07-2026 को अपराह्न 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है । प्राप्त निविदाएं दिनांक 15-07-2026 को प्रमुख अभियन्ता (सज्जा एवं सामग्री प्रबंध), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ.प्र., लखनऊ द्वारा गठित समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 2:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय में खोली जायेंगी । निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति होने पर निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में यह निविदा अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनाँक 07-07-2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनाँक 14-07-2026 अपराह्न 4:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि, एन.एस.सी./राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी ।

| क्र.स. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ओखला बैराज के गेट संख्या 19 के दोनों ओर स्थित क्षतिग्रस्त एंड बाक्सों की मरम्मत का कार्य । | 5.78 | 11600.00 | 60 दिवस | 225.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | 'ए' श्रेणी यॉत्रिक/विद्युत सिंचाई विभाग |

यह निविदा सूचना वैबसाइट http://upgov.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वैबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है । निविदा प्रपत्र इच्छुक ठेकेदार अथवा फर्म) ठेकेदार द्वारा/1 ,पत्र-पंजीकरण प्रमाण ((2) जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण) पत्र-I.D.T.-1),(3) हैसियत प्रमाण पत्र )I.D.T.-2),(4) स्वघोषणा प्रमाण-) पत्रI.D.T.-3),(5) जी.टी.एस. रजिस्ट्रेशन प्रमाणठेकेदार द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को /पत्र की छायाप्रति एवं फर्म-केन्द्रीय ,अधिशासी अभियन्ता ,पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो-फोटोयुक्त अधिकार -भण्डार खण्ड3कालागढ़ के कार्यालय में निर्धारित अवधि में उपरोक्त शुल ,्क सहित जमा करने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते हैं । निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता-केन्द्रीय भण्डार खण्ड ,3 , कालागढ़ के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है ।

R.O.No. 253255 Date: 03-07-2026
UPID.www.upgov.nic.in

(मनोज कुमार गौड़)
अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3,कालागढ़

## ऋतु खंडूरी ने उमरावनगर में किया नलकूप का शिलान्यास

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा के वार्ड नं. 31 पदमपुर मोटाढांक के उमरावनगर में 147.90 लाख की लागत से उत्तराखंड जल संस्थान राज्य सेक्टर कार्यक्रम के अंतर्गत मोटाढांक पेयजल योजना के तहत नलकूप का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मोटाढांक पेयजल योजना के अंतर्गत स्थापित होने वाला यह नलकूप क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए सड़क, पेयजल, सिंचाई, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित अनेक योजनाओं पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं समय के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र लाभ मिल सके। इस दौरान भाबर मण्डल अध्यक्ष आशीष रावत, पार्षद सौरव नौडियाल, अमित नेगी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सिमरन बिष्ट, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद केष्टवाल, कमल नेगी, जनकल्याण विकास समिति उमरावनगर के उपाध्यक्ष पंकज नेगी, कैलाश चंद्र बलोदी और प्रकाश चंद्र देवरानी, हरीश चंद्र सहित समस्त उमरावनगरवासी उपस्थित रहे।

## पदोन्नति होने पर रणजीत सिंह नेगी को भावपूर्ण विदाई



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) पौड़ी रणजीत सिंह नेगी की मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल पद पर पदोन्नति होने के फलस्वरूप आज शिक्षकों की ओर से उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में आयोजित विदाई समारोह में वक्ताओं ने कहा कि पौड़ी गढ़वाल जिले में अपने दो साल के कार्यकाल में श्री नेगी ने शिक्षा उन्नयन की दिशा में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से अपने कार्य दायित्वों का निर्वहन किया। अपनी स्पष्ट व बेदाग कार्यशैली से वह आम शिक्षकों के दिलों में भी विशेष छाप छोड़ने में सफल रहे हैं। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री महावीर सिंह बिष्ट, राजकीय शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री मनमोहन सिंह चौहान, पूर्व प्रधानाचार्य मनवरलाल भारती, प्रधानाचार्य मुकेश रावत, पुष्कर सिंह नेगी आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डा. पदमेश बुडाकोटी ने किया।

## गुलदार के भय से जंगल जाने से कतरा रहे किसान

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। क्षेत्र में लगातार गुलदार के हमलों से दहशत का माहौल बना हुआ है। दो गौवंशों को अपना शिकार बना चुके गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग ने शनिवार को पिंजरा लगाकर इतिश्री कर ली है। बृहस्पतिवार को देर रात्रि स्थानीय गांव हीमपुर दीपा में किसान निपेंद्र सिंह की पशुशाला में घुसे गुलदार ने एक गौवंश को मार डाला था। इससे पहले थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरौंदा निवासी किसान विजेंद्र उर्फ टाटा के पशुबाड़े से भी बुधवार रात गुलदार एक गौवंश को खींचकर ले गया था, जिसकी मौत हो गई थी।**

पिंजरा लगाते हुये वनकर्मी।



लगातार हो रहे गुलदार के हमलों से क्षेत्र के ग्रामीणों में भय का माहौल है। किसान और मजदूर पशुओं के लिए चारा लेने जंगल जाने से कतरा रहे हैं, जबकि महिलाएं और बच्चे भी डरे-सहमे हुए हैं। किसान शोपाल सिंह द्वारा चांदपुर रेंज के रेंजर दुष्यंत मावी को दिए गए प्रार्थना-पत्र के आधार पर वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए कैटल गार्ड सोनू कुमार एवं सोभिद्र सिंह को मौके पर भेजा। किसान मदनपाल और जगपाल के खेत के समीप, जहां गुलदार की आवाजाही देखी गई थी, वहां खाली पिंजरा स्थापित कर दिया है। हालांकि गन्ना समिति चांदपुर के चेयरमैन पूर्व प्रधान राहुल सिंह, पुनीत कुमार, सौरन लाम्बा, जगपाल सिंह, दुष्यंत राठी, निपेंद्र ढाका, नरपाल कश्यप, बृजेश शर्मा, फहमीद, राजेश, टीटू कुमार आदि का कहना है कि जब तक पिंजरे में किसी जानवर या मुर्गे को नहीं रखा जाता, ऐसी दशा में गुलदार को कैसे पकड़ा जाएगा। वन विभाग ने तो जगल में खाली पिंजरा लगाकर अपने काम की इतिश्री कर ली है। उनका कहना है गुलदार पकड़े जाने तक वन विभाग को क्षेत्र में लगातार निगरानी रखनी चाहिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। मामले में चांदपुर रेंजर दुष्यंत मावी ने बताया कि गुलदार को पकड़े जाने के लिए जंगल में पिजरा स्थापित किया गया है। ग्राम प्रधान के सहयोग से शाम को पिजरे में वेट (कुत्ता, बकरी या मुर्गा) बांधा जाएगा, जिससे गुलदार पिजरे में आसानी से आ जाए।

## वन महोत्सव के तहत नारायणवाला में हुआ वृक्षारोपण



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** वन महोत्सव सप्ताह के चौथे दिन ग्राम पंचायत नारायवाला स्थित प्राथमिक विद्यालय, पंचायत सचिवालय व ग्राम पंचायत उमरपुर नत्थन के आंगनबाड़ी केंद्र पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान बेगराज सिंह व इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्रीमती करुणा चौहान, वन दरोगा बाकर रजा व फूल सिंह सहित अनेक वनकर्मियों, वन मित्रों, शिक्षकों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने भागीदारी कर पौधे रोपे। इस दौरान करुणा सिंह ने जीवन में वृक्षों के महत्व पर चर्चा की और सभी से अधिकाधिक वृक्ष लगाने व उनके संरक्षण का आह्वान करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## वन महोत्सव के तहत कार्यक्रम आयोजित विद्यार्थियों ने पौधे किये रोपित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वन महोत्सव के अंतर्गत डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मोटाढाक आरक्षित वन क्षेत्र में स्वदेशी प्रजातियों के पौधे रोपित कर पौधों के संरक्षण और देखभाल का संकल्प लिया। इस दौरान भारतीय वन सेवा के अधिकारी पृथ्वीराज ने विद्यार्थियों को वन संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण में हर व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इसके बिना धरती पर जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नूतन बिष्ट ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक बनाना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों को प्रकृति से जुड़कर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने का अवसर देती हैं।

## दिलीप रावत ने चन्द्र सिंह गढ़वाली सम्बंधी बयान पर माफ़ी मांगी



कोटद्वार में प्रेस वार्ता करते लैंसडौन विधायक दिलीप रावत।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** लैंसडौन विधायक दिलीप रावत ने पिछले दिनों देहरादून में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर दिए गए अपने बयान पर माफी मांगते हुए कहा कि वीर गढ़वाली एक महान शख्सियत थे और सभी के लिए आदर्श थे। लाल बत्ती चौक पर स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक दिलीप रावत ने कहा कि कांग्रेस के लोग उनके बयानों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं, जबकि गढ़वाली की मौत के जिम्मेदार कांग्रेसी हैं। विधायक ने कहा कि साल 1979 में कांग्रेस के लोगों ने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को एक जलसे के दौरान धक्का देकर उनसे अभद्र व्यवहार किया था। कहा कि भारत की आजादी के आंदोलन में उनका त्याग, समर्पण व देशप्रेम की भावना अदभुत है। वहीं पेशावर कांड के दौरान उन्होंने एक मिसाल कायम की। कहा कि अगर उनके बयान से किसी को भी ठेस पहुंची है तो वे सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हैं। इस मौके पर भाजपा नेता उमेश त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

### प्रवेश रावत ने बयान की निंदा की

**कोटद्वार ( चिंगारी )। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव प्रवेश रावत ने कुछ दिन पहले लैंसडौन विधायक दिलीप रावत द्वारा वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के संबंध में दिए गए बयान की निंदा की है और इसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अपमान बताया है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा नेता सत्ता के नशे में इस कदर डूबे हुए हैं कि वे अपनी मर्यादा को भूलकर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। एक विधायक द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के प्रति इस तरह का बयान देना बिलकुल भी शोभनीय नहीं है। मौके पर उन्होंने बद्रीनाथ मंदिर में हुई चोरी पर रोष व्यक्त करते हुए कोटद्वार स्थित सिद्धबली मंदिर में मिली दानराशि और अन्य धनराशि की जांच कराने की मांग भी की।**

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


# यमुनोत्री हाईवे पर भारी भूस्खलन, रास्ता बंद



**बड़कोट (एजेंसी/चिंगारी)।** आज तड़के पहाड़ी से हुए भूस्खलन के कारण यमुनोत्री हाईवे हनुमान चट्टी से आगे अवरुद्ध हो गया। सूचना मिलते ही राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) की टीम ने मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। इधर, स्याना चट्टी के पास भी भूस्खलन के चलते कुछ समय के लिए यमुनोत्री हाईवे पर यातायात बाधित रहा। हालांकि, एनएच की ओर से मलबा हटाने के बाद इस स्थान पर वाहनों की आवाजाही बहाल कर दी गई। बता दें कि स्याना चट्टी क्षेत्र में भूस्खलन के कारण हाईवे बार-बार बंद होने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

## सड़क पर बने गड्ढों में गिरकर कई लोग घायल

**नींदड़ू (चिंगारी)।** धामपुर-नूरपुर मार्ग स्थित मनकुआ अथाई चौराहे पर जल भराव से टूटी सड़क में बने गहरे गहरे खड्डों में गिरकर कई दुपहिया वाहन चालक चोटिल हो गए। ग्राम प्रधान व पीडब्ल्यूडी विभाग को सूचित करने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने के कारण पुलिस चौकी कर्मियों को रात्रि में ही बैरिकेडिंग लगाकर घटनाओं को रोकने का प्रयास करना पड़ा तथा लोडर की मदद से खड्डों में पत्थर, बजरी भरवाकर खड्डे बन्द कराए गए। हाल में हुई वर्षा जल व गांव की जल निकासी बाधित होने के कारण मनकुआ अथाई चौराहे पर सड़क पर जल भर गया, जिस कारण वाहनों की आवाजाही से सड़क में गहरे खड्डे बन गए थे। जल भराव में खड्डों का पता न चल पाने के कारण अनेक दुपहिया वाहन गिरने से वाहन चालक चोटिल हो गए थे, जिस कारण पुलिस चौकी कर्मियों को बैरिकेडिंग लगाना पड़ा। पुलिस चौकी दीवान हरिओम, कान्स्टेबल मनीष कुमार व पत्रकार अरशद अली ने मौके पर पहुंचकर लोडर की मदद से खड्डों में पत्थर, बजरी भरवाई, जिससे मुख्य तौर पर दुपहिया वाहन चालकों को राहत पहुंची।


DISTANCE AND ONLINE COURSES
➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc
ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



## आवश्यकता है

श्रीराम इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशनल एंड प्रोफेशनल स्टडीज एनएच-74, नगीना रोड, पीपलसाना, धामपुर-246761, बिजनौर, (उ.प्र.) के बी.बी.ए एवं बी.कॉम (ऑनर्स) पाठ्यक्रम हेतु प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, एसोसिएट प्रोफेसर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर की आवश्यकता है। वेतन एवं शिक्षक योग्यता यूजीसी, वि. विद्यालय एवं शासन के मानक अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र फोटोग्राफ एवं शैक्षणिक तथा अनुभव प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति के साथ अथवा ईमेल द्वारा 1 सप्ताह के भीतर आवेदन कर सकते हैं। साक्षात्कार हेतु तिथि, समय एवं स्थान की सूचना व्यक्तिगत रूप से दी जाएगी।
संपर्क सूत्र - 9412346047,
ईमेल - shriraminstitutedhampur@gmail.com



Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर